

रोहतक

बुधवार, 27 अगस्त 2025

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 207

पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 31.8

न्यून. 23.8

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





गणेश चतुर्थी की मंगलकामनाएं


## आप नेता सौरभ और अन्य के 13 ठिकानों पर ईडी के छापे



**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने मंगलवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में घोटाले से जुड़े धन शोधन जांच के तहत पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज एवं कुछ अन्य निजी कंपनियों के 13 परिसरों में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत भारद्वाज एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कम से कम 13 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इनमें दक्षिण दिल्ली स्थित भारद्वाज का घर और केजी मार्ग तथा पश्चिम पटेल नगर स्थित निजी ठेकेदारों आवास एवं कार्यालय शामिल हैं।

## विधानसभा में तीसरे दिन भी जमकर शोर गुल

# कानून-व्यवस्था पर हंगामा : धमकी, हत्या, फिरौती व महिला अपराध के मुद्दे गूंजे, नोकझोंक के बाद विपक्ष का वॉकआउट

**योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को कानून व्यवस्था को लेकर लाए गए काम रोको प्रस्ताव पर हंगामा हुआ। कांग्रेस और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। विपक्ष ने प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि हरियाणा में रोजाना 3 मर्डर और 5 रेप हो रहे हैं। केंद्र सरकार हरियाणा को सबसे सुरक्षित बताती है, जबकि प्रदेश सरकार आंखें बंद करके बैठी है। उन्होंने मनीषा मौत मामला और हिमानी नरवाल मर्डर केस का भी जिक्र किया। वहीं, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि मनीषा कांड में भाऊ गैंग की कॉल आई। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हरियाणा में अपराध बढ़ रहा है। इस पर सीएम नायब सिंह सैनी ने जवाब देते हुए कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा सदन के वरिष्ठ नेता हैं। ममैं आपको बताना चाहता हूं कि जो आपके विधायकों ने काम किया है। ये मैं आरोप नहीं लगा रहा हूं, मैं तथ्यों पर बात कर रहा हूं। 10 अप्रैल 2008 को पुलिस थाना रोहतक में एक महिला का 5 पुलिसकर्मियों ने थाने के अंदर ही रेप कर दिया, जहां के आप मुख्यमंत्री थे। 40 दिन तक वह महिला शिकायत के लिए दर-दर भटकती रही, उसकी व्यथा किसी ने नहीं सुनी। बतरा जी, आप तो उस समय कानों में रुई डाल लेते थे। हमारे कार्यकाल पर उंगलियां उठाई जा रही हैं। अखबारों में रोज उस महिला की पीड़ा सुर्खियां बनने लगी तो 31 मई 2008 को एफआईआर हुई। जब मुख्यमंत्री सैनी कानून व्यवस्था पर विस्तार से जवाब दे रहे थे, को कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए सदन की कार्यवाही समाप्त होने से बीस मिनट पहले ही वाकआउट कर गए।

(पेज दो भी देखें)

**कांग्रेस विधायक भुक्कल बोलीं, रोजाना 3 हत्याएं, 5 रेप हो रहे, सरकार की आंखें बंद**

**पूर्व सीएम हुड्डा बोले, मनीषा कांड में भाऊ गैंग की कॉल आई, प्रदेश में अपराध बढ़े**

**सीएम बोले, हुड्डा राज में रोहतक के थाने में रेप हुआ, 40 दिन तक भटकती रही पीड़िता**

### ढांडा का कांग्रेस पर हमला

#### कांग्रेस काल में ज्यादा अपराध

संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने अपनी सरकार के वक्त के आंकड़े रखे साथ ही कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में होने वाले अपराधों के बारे में कांग्रेस के लोगों को बताना व आंकड़े रखने चाहिए। ढांडा ने कांग्रेस की सरकार भूपेंद्र हुड्डा के समय की दस साल की सरकार की याद दिलाई और कहा कि साइबर अपराधों को छोड़कर बात करें, तो सभी अपराध कांग्रेस शासनकाल के दौरान ज्यादा रहे हैं।



#### बतरा व ढांडा में तकरार

कांग्रेस की ओर से बीबी बतरा ने भी कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए, तो संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा और उनके बीच में खासी नोकझोंक हुई। बत्रा ने कहा कि शादियों में प्राइवेट सुरक्षा लेनी पड़ रही है। इस दौरान शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल खड़े हो गए और दोनों के बीच इस दौरान खासी बहस हुई।

#### गलत आंकड़े पेश नहीं करें कांग्रेसी

संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने झूठे आंकड़े पेश किए जाने के आरोप लगाए, शराब के ठेकों को लेकर कहा कि कांग्रेस की ओर से आंकड़े रखे हैं, वो पूरी तरह से निराधार हैं। उन्होंने कहा कि जितने ठेके बताए जा रहे हैं, उतने तो पूरे प्रदेश में नहीं हैं। 26 सौ शराब ठेकों को लेकर गलत जानकारी पर ढांडा ने लिखित में माफी लेने की बात कही।

## अर्द्धकुंवारी के पास हादसा : भारी बारिश के कारण यात्रा रोकी गई

# वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से 9 और डोडा में 4 की मौत

**बढ़ सकती है मृतक संख्या, 21 लोग घायल**

**जम्मू/शिमला (एजेंसी)।** जम्मू क्षेत्र में मंगलवार को नदियों के उफान पर होने से पानी के वेग से रास्ते में आने वाली हर चीज तहस-नहस हो गई। चट्टान, पेड़ और पत्थर ढलानों से नीचे गिर पड़े। जम्मू क्षेत्र में 13 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नौ तीर्थयात्री भी शामिल हैं। इनकी मृत्यु वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने से हुई है। यहां 21 लोग घायल हुए हैं। वहीं, डोडा में बादल फटने से मची तबाही में 4 लोगों की मौत हो गई। बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा, पुल ढह गए और मोबाइल टावर और बिजली के खंभे टहनियों की तरह टूट गए। अचानक बाढ़ और भूस्खलन के मद्देनजर वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई। जम्मू आने-जाने वाली कई ट्रेन रद्द कर दी गईं। रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले रास्ते पर मंगलवार अपराह्न करीब तीन बजे भूस्खलन हुआ जिसकी चपेट में आने से नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 21 अन्य घायल हुए हैं। मृतक संख्या बढ़ सकती है।अधिकारियों ने बताया कि अर्धकुआरी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए बचाव दल जुटे हुए हैं और कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। घायलों को कटरा के अस्पताल में भर्ती कराया है।

- घायलों को कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर ले गए
- डोडा में भी अचानक बाढ़ से भीषण तबाही मची



#### श्राइन बोर्ड ने दुःख जताया

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने 'एक्स' पर कहा, 'अर्द्धकुंवारी में भूस्खलन की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 5 लोगों की जान चली गई है। यह घटना बेहद दुखद है। बचाव अभियान जारी है।'

#### तवी नदी के पास सड़क धंसी

जम्मू में तवी नदी पर बने पुल के पास सड़क धंस गई। हादसे में कई गाड़ियां गिर गईं। पुलिस रेस्क्यू के लिए पहुंच गई है। यहां भी भारी नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

#### डोडा में बादल फटा

जम्मू-कश्मीर के डोडा में कई जगह बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इसमें 10 से 15 घर बह गए। 24 घंटे के दौरान 4 लोगों की मौत हुई है। हालांकि ये मौतें किन इलाकों में हुईं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

#### स्कूल व सड़कें बंद

जम्मू-कश्मीर में लगातार तीन दिन से रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है। दो दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिए हैं। जम्मू-श्रीनगर और बटोटे-किश्तवाड़ सहित कई नेशनल हाईवे समेत कई सड़कें बंद हैं।

#### हिमाचल भी बेहाल

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू व मनाली में 20 से ज्यादा घर, दुकानें और रेस्टोरेंट ब्यास नदी और पहाड़ी नालों में समा चुके हैं। नदियों के किनारे बने 30 से ज्यादा घर भी खतरे में हैं। कुल्लू-मनाली रोड का एक हिस्सा ब्यास नदी में बह गया।

#### दिल्ली पर भी खतरा

दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। यदि बारिश और होती है तो राजधानी पर बाढ़ का खतरा मंडरा जाएगा।

## प्रदेश में झमाझम बारिश, जनजीवन ठप, 18 ट्रेनों को रद्द किया

# फतेहाबाद में अंडर ब्रिज में बस फंसी, सिरसा में किसान की मौत

**हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा**

प्रदेश के कई जिलों में मंगलवार को झमाझम बारिश होने से जन-जीवन ठप हो गया। पटरियों पर जलभराव को देखते हुए रेलवे ने प्रदेश गुजरने वाली 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया, फतेहाबाद में अंडर ब्रिज में पानी भरने से रोडवेज की बस फंस गई पुलिस कर्मियों ने बच्चों और बुजुर्गों समेत बस में सवार 25 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। हिसार के बरवाला में सरकारी अस्पताल में पानी भर गया। सरकारी अस्पताल में पूरे ग्राउंड से लेकर वार्ड, ओपीडी, लैब, कार्यालय और ऑपरेशन थिएटर तक बरसात का पानी पहुंच गया। इसे देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने ओपीडी सेवाएं बंद कर दीं। साथ ही भर्ती मरीजों को छुट्टी देकर घर भेजा, जबकि गंभीर रोगियों को दूसरे अस्पतालों में रेफर किया गया। प्रदेश के 8 जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। इनमें अंबाला, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, हिसार, भिवानी, नारनौल और चरखी दादरी शामिल हैं। दिन भर रुक-रुककर तेज बारिश होती रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

- रोडवेज बस से 25 यात्रियों को बचाया, पुलिस के जवानों ने बच्चों को निकाला
- बहादुरगढ़ में भी करंट लगने से एक युवक की जान गई
- भिवानी में मंदिर पर बिजली गिरी



### कहां क्या हुआ

**सिरसा :** गांव कागदाना में कच्ची दीवार गिर गई, जिसके मलबे के नीचे दबकर 65 वर्षीय किसान कृष्ण कुमार की मौत हो गई।

**भिवानी :** गांव नौरंगाबाद में सैनियों की ढाणी में मंदिर पर बिजली गिर गई। मंदिर को नुकसान हुआ। साथ ही आस-पड़ोस के मकानों में इनवर्टर, बैटरी जल गई हैं।

**झज्जर :** गांव तुंबाहेड़ी गांव में 3 मिनट में दो बार बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से एक मकान में बंधी तीन भैंस मर गई, जबकि 400 मीटर दूर दूसरे स्थान पर कोई जनहानि नहीं हुई।

**फतेहाबाद :** हरियाणा रोडवेज की बस सवारियों को लेकर हिमाचल प्रदेश के शाहतलाई जा रही थी। इस दौरान बस अंडरब्रिज के नीचे बंद हो गई। बस में जलभराव से सवारियां भी फंस गईं। थाना सदर टोहाना के एसएचओ शादीराम मौके पर पहुंचे और यात्रियों को बस से बाहर निकाला।

**हिसार :** हिसार के शाहपुर गांव में 3 नहर और नाले टूट गए। कबीर नहर, घग्घर ड्रेन और हिसार से आने वाले गंदे नाले का पानी गांव और खेतों के ज्यादातर इलाके में भर गया है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली दंगेः अदालत ने 6 व्यक्तियों को बरी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में छह व्यक्तियों को बरी कर दिया, जबकि आरोपियों के अधिकारों को कुचलने के लिए अभियोजन पक्ष को फटकार लगाई। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह ने यह फैसला सुनाया है। भाषा

### दिल्ली-एनसीआर में रियल्टी समूह बीपीटीपी पर छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 500 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा विनिमय उल्लंघन मामले में अपनी जांच के तहत दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में रियल एस्टेट कंपनी बीपीटीपी से संबंधित परिसरों पर मंगलवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। भाषा

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 21 टीचर्स चुने

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट और पॉलिटेक्निक के 21 टीचर्स को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2025 के लिए चुना गया है। इनमें कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात और महाराष्ट्र से दो-दो शिक्षक हैं। पुडुचेरी, केरल, पंजाब, यूपी, बेंगलुरु, मिजोरम एक-एक शिक्षक है। एजेंसी

## 48.2 अरब का निर्यात होगा प्रभावित

# भारतीय उत्पादों पर आज से 50% अमेरिकी शुल्क

**नई दिल्ली (भाषा)।** अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत समेत कुल 50 फीसदी शुल्क लागू करने की योजना का विवरण देते हुए मसौदा नोटिस जारी कर दिया है। इससे अमेरिका को भारत के 48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के निर्यात पर असर पड़ेगा। अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर वर्तमान में 25 प्रतिशत शुल्क पहले से ही लागू है। रूसी कच्चे तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद के कारण 27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया जा रहा है। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी। बढ़ा शुल्क उन भारतीय उत्पादों पर लागू होगा, जिन्हें 27 अगस्त, 2025 को 'ईस्टर्न डेलाइट टाइम' (ईडीटी) के अनुसार रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए (देश में) लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है। बशर्ते कि उन्हें देश में उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई हो या 17 सितंबर, 2025 को 12:01 बजे (ईडीटी) से पहले उपभोग के लिए गोदाम से बाहर ले जाया गया हो।

**नौकरियों पर संकट ज्वेलरी और टैक्सटाइल उद्योग प्रभावित**

#### इंडस्ट्रीज पर असर

ट्रम्प के टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो, सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा।

#### नौकरियां जाने का खतरा

एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत से अमेरिका को सबसे ज्यादा ज्वेलरी, कपड़े, मशीनरी और केमिकल एक्सपोर्ट किए जाते हैं। 50% टैरिफ से अमेरिका में ये चीजें महंगी हो जाएंगी और वहां से ऑर्डर मिलने कम हो जाएंगे। इससे कंपनियों को प्रोडक्शन घटाना पड़ेगा, जिससे छंटनी हो सकती है। यानी इन सेक्टर्स में नौकरियां जाने का खतरा है।

#### सरकार की कमाई और जीडीपी घटेगी

50% टैरिफ लगने से अमेरिका को होने वाला निर्यात कम हो जाएगा। इससे सरकार को निर्यात से होने वाली कमाई में कमी आएगी। वहीं एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ 0.2% से 0.6% तक कम हो सकती है। इसके अलावा सरकार को अपनी व्यापार नीति में बदलाव करना पड़ सकता है।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# सहमति से बने रिश्तों को दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं डाला जा सकता

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि सहमति से बने रिश्तों को दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं डाला जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और नौ साल की सजा को रद्द कर दिया। व्यक्ति को शादी का झांसा देकर संबंध बनाने के आरोप में दुष्कर्म का दोषी ठहराया गया था। यह मामला एक विवाहित महिला की शिकायत से संबंधित था, जिसने दावा किया था कि आरोपित ने विवाह का वादा कर उससे शारीरिक संबंध बनाए। जस्टिस शालिनी सिंह नागपाल की पीठ ने कहा कि जब कोई विवाहित महिला लंबे समय तक सहमति से यौन संबंध बनाए रखती है, तो इसे धोखे का परिणाम नहीं माना जा सकता। ऐसे संबंधी दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आते।



**कोर्ट ने कहा, विवाहिता दो बच्चों की मां है व आरोपित से 10 साल बड़ी महिला मासूम युवती नहीं थी, परिणाम समझने में सक्षम थी**

#### दुष्कर्मी नहीं कह सकते

कोर्ट ने कहा कि यह व्यभिचार, अनैतिकता और विवाह संस्था की अवमानना तो हो सकती है, लेकिन इसे झूठे वादे के तहत बनाए गए संबंध नहीं कहा जा सकता। ऐसी स्थिति में भारतीय दंड संहिता की धारा 90 लागू नहीं की जा सकती और न ही आरोपित पर दुष्कर्म का अपराध सिद्ध किया जा सकता है। उसे दुष्कर्मी नहीं कहा जा सकता। महिला पहले से विवाहित थी और दो बच्चों की मां थी। महिला उम्र में आरोपित से 10 साल बड़ी थी। वह कोई मासूम युवती नहीं थी।

## हरियाणा बोर्ड की डीएलएड की परीक्षा 25 सितंबर से

**भिवानी (हरिभूमि ब्यूरो)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन) परीक्षा का तिथि-पत्र जारी कर दिया है। डीएलएड प्रवेश वर्ष-2023 द्वितीय वर्ष एवं 2024 प्रथम वर्ष की नियमित तथा प्रवेश वर्ष-2020, 2021, 2022 व 2023 की प्रथम व द्वितीय वर्ष की रि-अपीयर व मर्सी चांस की परीक्षा 25 सितंबर से आयोजित की जाएगी। बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार और सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा 25 सितंबर से 21 अक्टूबर, 2025 तक दोपहर 2:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का तिथि-पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर अपलोड कर दिया गया है।

**वेबसाइट पर अपलोड की गई डेटशीट**

## आह्वान मोदी बोले, मेक इन इंडिया ने वैश्विक एवं घरेलू विनिर्माताओं के लिए माहौल बनाया

**पीएम ने गुजरात के हंसलपुर में मारुति के पहले ई-वाहन ई-विटारा को दिखाई हरी झंडी**

# स्वदेशी हर किसी के जीवन का मंत्र बने अब दुनिया भारत में बने ईवी चलाएगी

**अहमदाबाद (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि स्वदेशी हर किसी का जीवन मंत्र होना चाहिए। मोदी ने साथ ही कहा कि उनकी सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल ने वैश्विक एवं घरेलू दोनों विनिर्माताओं के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। 'स्वदेशी' की उनकी परिभाषा सरल है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पैसा किसका लगा है, डॉलर है या पाउंड...या वह मुद्रा काली है या सफेद। बस उस पैसे से जो भी उत्पादन हो, उसमें मेरे देशवासियों का पसीना होना चाहिए।' गुजरात के हंसलपुर विनिर्माण संयंत्र से मारुति सुजुकी के पहले इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा को मंगलवार को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत में बने इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाएगी। मोदी ने लोगों से केवल स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया।



**देशवासियों से केवल स्वदेशी सामान खरीदने का आग्रह**

**स्वदेशी को गर्व से अपनाएं :** पीएम ने कहा कि इस तरह मारुति सुजुकी भी एक स्वदेशी कंपनी है। 'स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बन जाना चाहिए। आइए, स्वदेशी को गर्व से अपनाएं। जापान में जो चीजे यहां बनेंगी, वे भी स्वदेशी होंगी।' भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने के अपने संकल्प का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों से देश की भावी पीढ़ियों के लिए इस स्वदेशी आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया। 2047 में हम भारत को ऐसा बनाएंगे कि आने वाली पीढ़ियां आपके त्याग एवं योगदान पर गर्व करेंगी।

(पेज 4 भी देखें)

#### मेक इन इंडिया पहल के लिए बड़ा दिन

मोदी ने इस बात का जिक्र भी किया कि 2012 में गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल में मारुति सुजुकी को हंसलपुर में जमीन आवंटित की गई थी। उन्होंने कहा, 'उन दिनों भी मेरे मन में 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का ही दृष्टिकोण था।' 'आज 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए एक बड़ा दिन है क्योंकि देश में बने ई-वाहनों का निर्यात 100 देशों में किया जाएगा। दुनिया भारत में बने इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाएगी।'

## खबर संक्षेप

### जजपा का युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर जोर

चंडीगढ़। युवाओं को अपनी पार्टी से जोड़ने के लिए जननायक जनता पार्टी पूरा जोर दे रही है। पिछले दो माह से जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला निरंतर फील्ड में उतरे हुए है और युवाओं को जेजेपी ज्वाइन करवा रहे है। इसी कड़ी में दिग्विजय चौटाला ने युवा जेजेपी के एक नए अभियान 'युवा योद्धा' को प्रदेशभर में चलाने की घोषणा की है। जेजेपी के युवा योद्धा कार्यक्रम के बारे में दिग्विजय चौटाला ने बताया कि प्रदेशभर में युवा जेजेपी 'युवा जोड़ो अभियान' के बाद अब युवा योद्धा अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के तहत जेजेपी सभी 22 जिलों में बड़ी जनसभाएं करेगी। 21 सितंबर को सिरसा से युवा योद्धा अभियान की शुरुआत की जाएगी। और इसके

### हाईकोर्ट जज के पीएसओ को अग्रिम जमानत

पंचकूला। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक मामले में हाई कोर्ट के एक जज के निजी सुरक्षा अधिकारी एएसआई दिलबाग सिंह को अग्रिम जमानत दे दी है। उस पर आरोप है कि उन्होंने हाई कोर्ट के चीफ कोर्ट ऑफिसर दलविंदर सिंह के साथ बहस के दौरान सरकारी पिस्तौल से गोली चलाने की कोशिश की थी, हालांकि तकनीकी कारणों से फायर नहीं हो सका। शिकायतकर्ता दलविंदर सिंह ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि कोर्ट परिसर में किसी बात को लेकर एएसआई दिलबाग सिंह से उनकी कहासुनी हो गई थी। इस दौरान गुस्से में आकर एएसआई ने अपनी 9 एमएम सर्विस पिस्तौल से गोली चलाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि गोली नहीं चली।

### भ्रष्टाचार के मामले में स्टैनो रिमांड पर

चंडीगढ़। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार द्वारा भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी सन्त स्वरूप, तत्कालीन स्टैनो आबकारी एवं कराधान विभाग, सिरसा को उसके विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सन्त स्वरूप उपरोक्त को न्यायालय, सिरसा में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में यह पहली गिरफ्तारी है। मामला यह था कि सिरसा में आरोपी सन्त स्वरूप ने अमित बंसल व इसके पिता पदम बंसल निवासी सिरसा व अन्य व्यक्तियों की फर्जी फर्मों का आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा के अधिकारियों से मिलीभगत करके रजिस्ट्रेशन करवाकर उनकी फर्म अग्रवाल एंड सन्स को कुल 29,66,509/- रुपये का अवैध रिफंड दिलवाया। आरोपी सन्त व आबकारी एवं कराधान विभाग सिरसा के अधिकारियों को 20 से 25 प्रतिशत हिस्सा दिया।

## विधानसभा में मानसून सत्र के तीसरे दिन भी जमकर हंगामा

# हरियाणा में अपराधियों की कोई हैसियत नहीं, केवल कानून की हुकूमत चलेगी

### मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कानून व्यवस्था को लेकर दिया विस्तार से जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। इस नीति की घोषणा उन्होंने 18 अक्टूबर, 2024 को प्रथम मंत्रिमंडल बैठक के बाद ही कर दी थी। उस समय मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी थी कि अपराधी या तो अपने रास्ते बदल लें अन्यथा सरकार उन्हें सुधारने के लिए बाध्य करेगी। किसी भी व्यक्ति की सामाजिक हैसियत या प्रभावशाली पद के बावजूद, यदि वह कानून तोड़ेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। हरियाणा में कानून की सर्वोच्चता स्थापित होगी, अपराधी की हैसियत नहीं।

मुख्यमंत्री विधानसभा में विपक्ष द्वारा प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर लाए स्थगन प्रस्ताव पर वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी स्पष्ट चेतावनी का ही परिणाम है कि आज हरियाणा में प्रमुख अपराधों की संख्या और दर दोनों में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। वर्ष 2014 से पूर्व की स्थिति के विपरीत आज न तो नागरिक को एफआईआर दर्ज करवाने में कोई बाधा आती है और न ही पुलिसकर्मी को अपराधियों पर कार्रवाई करने से भयभीत होना पड़ता है। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के कारण आज प्रदेश की जनता का हरियाणा पुलिस पर भरोसा और अधिक मजबूत हुआ है।

### कांग्रेस शासनकाल में दुष्कर्म तीन गुना बढ़े

विपक्ष पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की तख्तियां लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल (2004-2014) में बलात्कार की घटनाएं तीन गुना बढ़ीं। वर्ष 2004 में ऐसे 386 मामले दर्ज हुए थे, जो 2014 में बढ़कर 1174 तक पहुंच गए। उन्होंने कहा कि दस वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस ने मात्र एक ही महिला थाना, खानपुर कलां में खोला।उन्होंने बताया कि मौजूदा कार्यकाल में अनेक मामलों में 7-8 महीनों के भीतर ही दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा, आजीवन कारावास अथवा फांसी की सजा सुनाई गई है।



### बेटियों की शिक्षा हर 20 किलोमीटर पर कॉलेज बनवाए : नायब सैनी

मुख्यमंत्री हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार की नीति प्रदेश में प्रत्येक 20 किलोमीटर के दायरे में राजकीय महाविद्यालय स्थापित करने की है। इसके तहत जिला पलवल के गांव जनौली के आसपास पहले से ही 7 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के दौरान विधायक रघुवीर तेवतिया द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

### ऐसे चली कार्यवाही

- चर्चा के दौरान कई बार भूपेंद्र हुड्डा, गीता भुक्कल, बीबी बतरा ने टोकाटोकी की
- घनश्याम अरोड़ा ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई कांग्रेस शासनकाल की आलोचना
- अरविंद शर्मा ने कांग्रेस को याद दिलाया उनके शासनकाल में कैसा माहौल और भय था, इस पर सदन में बैठे कांग्रेस के कुछ सदस्य कमेंट्री करते हुए नजर आए।



### मंत्री विधायकों के साथ साइकिल से पहुंचे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी ने एक अनोखा उदाहरण पेश किया। वह एमएलए हॉस्टल से साइकिल चलाकर विधानसभा पहुंचे। इस दौरान उनके स्पीकर श्री हरविंदर कल्याण, मंत्रिमंडल के सदस्य और कई विधायक भी साइकिल यात्रा में शामिल हुए। यह पहल नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधानसभा की तरफ से आयोजित की गई थी।

### शिक्षामंत्री ढांडा ने घेरा हुड्डा ने दी चुनौती

संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने भाजपा सरकार के वक्त के आंकड़े रखे साथ ही कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में होने वाले अपराधों के बारे में कांग्रेस के लोगों को बात रखनी चाहिए। ढांडा ने कांग्रेस हुड्डा के समय की दस साल की सरकार की याद दिलाई और कहा कि साइबर अपराधों को छोड़कर बात करें, तो सभी अपराध कांग्रेस शासनकाल के दौरान ज्यादा रहे हैं। इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा के साथ में वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने अपनी बात रखी, विपक्ष ने कानून व्यवस्था, फिरौती की काल आने, धमकी, हत्या, दुष्कर्म मामलों को उठाया साथ ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने कुछ आंकड़े रखे व संसदीय कार्यमंत्री द्वारा रखे जा रहे आंकड़ों को चुनौती दी।

### बेदी बोले- कांग्रेस राज में दलित विधायकों की सुनवाई नहीं थी

सदन में कानून व्यवस्था पर चर्चा के दौरान मंत्री कृष्ण बेदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला साथ ही कहा कि दलित विधायकों पर किस तरह से दबाव बनाया जाता था, उन्होंने इस दौरान भूखड़ी,. सांसद सैलजा अन्य के भी नाम लिए व कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान उनकी भी नहीं सुनी गई। इतना ही नहीं विधायक पूजा चौधरी कांग्रेस के पिता तत्कालीन पुलिस अधिकारी का नाम लेकर उस समय की घटनाओं की याद दिलाई।प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर चल रही चर्चा के दौरान विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने बार बार टोका साथ ही कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ साथ में हमें सदन की व्यवस्था की भी चिंता करनी चाहिए।

### चौधरी बंसीलाल को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा में चल रहे मानसून सत्र के दौरान प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विकास पुरुष स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल की जयंती पर सदन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी बंसीलाल चार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे और लगभग 11 वर्षों से अधिक उन्होंने प्रदेश का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा के चहुँमुखी विकास को सुनिश्चित किया इसलिए उन्हें प्रदेश का निर्माता और विकास पुरुष कहा जाता है।

### 'मिर्ची' सहित दो वाक्य कार्यवाही से हटवाए

हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री महीपाल ढांडा द्वारा कहा गया शब्द "मिर्ची" और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा कहे गए शब्द "जिन गाड़ियों के पीछे सांघी और किलोई लिखा होता था उनको पुलिस हाथ नहीं देती थी," सदन की कार्यवाही से निकलवाए गए हैं।

### खनन पर बोले पंवार ज्यादा राजस्व कमाया

जब बीबी बतरा ने अवैध खनन का मामला उठाया, तो कृष्ण पंवार ने उठकर जवाब दिया साथ ही कहा कि कांग्रेस शासनकाल से ज्यादा राजस्व कमाया है। साथ ही खनन का काम संगठित तौर खुली आक्शन पर हो रहा है, इसलिए अगर सवाल उठाना है तो सही और सटीक आंकड़ों के साथ में अपनी बात रखें।

### कांग्रेस का शासन था, पीड़ित ने पुलिस मुख्यालय में आत्महत्या की

कांग्रेस शासन के दौरान घटित एक मामले का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 अप्रैल, 2008 को रोहतक थाना परिसर में ही 5 पुलिसकर्मियों ने एक महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता 40 दिनों तक न्याय और कार्रवाई के लिए दफ्तरों और अधिकारियों के चक्कर काटती रही, लेकिन न तो पुलिस ने उसकी सुनी और न ही उस समय के किसी विधायक, सांसद या मंत्री ने मदद की। अंततः जब मामला लगातार मीडिया की सुर्खियां बना तो 31 मई, 2008 को एफआईआर दर्ज हुई। इसके बाद भी पीड़िता को इतनी प्रताड़ना झेलनी पड़ी कि 9 जून, 2008 को उसने पंचकूला में पुलिस मुख्यालय के बाहर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मामले में हड़कंप मचने पर कांग्रेस सरकार ने 16 जून, 2008 को केस सीबीआई को सौंपा। पाँच वर्ष बाद 20 जुलाई, 2013 को सीबीआई अदालत ने एक सब इंस्पेक्टर और एक हेडकांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा के प्रत्येक नागरिक और उसकी संपत्ति की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च जिम्मेदारी है, जिसे निभाने में वे कभी पीछे नहीं हटे हैं और न कभी हटेंगे। मुख्यमंत्री ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2014 में पूरे प्रदेश में 1106 हत्या के मामले दर्ज हुए थे जबकि 2024 में 965 हत्या के मामले दर्ज हुए। 2014 की तुलना में 2024 में हत्या की वारदातों में 12 प्रतिशत की कमी आई है।

### अध्यक्ष बोले - विपक्ष बात रखे, पक्ष की भी सुननी होगी

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने शोरगुल और हंगामा कर रहे कांग्रेसी सदस्यों को हंगामा व शोरगुल करने पर चेतावनी दी साथ ही कहा कि पूरा हरियाणा देख रहा है, विरोध के लिए विरोध नहीं किया जाए, पहले दिन भी आपने सारा समय बर्बाद कर दिया। विस अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष को अपनी बात रखने का अधिकार है लेकिन सत्तापक्ष की ओर से भी तैयारी कर सदस्य आएं हैं, इसलिए उनकी बात सुननी होगी।

### विपुल गोयल की नसीहत
### बेटी के मामले में सियासत न करें



विपुल गोयल मंत्री ने कहा कि प्रदेश की हाल ही में हुए एक बेटी के निधन के मामले में खुद उसका पिता सीएम नायब सिंह सैनी पर विश्वास व्यक्त कर चुके हैं, उनको सरकार पर पूरा भरोसा है। लेकिन कांग्रेसी उनकी बात नहीं सुन रहे बल्कि मामले में सियासत कर रहे हैं, सदन में यह बात साबित हो गई है।

### आरती राव ने कहा
### गुरुग्राम में 700 बैड का अस्पताल



स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि राज्य सरकार ने गुरुग्राम में 700 बिस्तरों वाले नए सिविल अस्पताल के निर्माण के लिए 989.94 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना का क्रियान्वयन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा, जो जल्द ही निर्माण कार्य के लिए निविदा जारी करेगा।

### अनिल विज ने दिया जवाब
### हिसार में सब-स्टेशन को मंजूरी



ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिसार के सैक्टर-33 में सब-स्टेशन स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और इस संबंध में एचएसवीपी के साथ जमीन लेने के लिए बातचीत की जा रही है। विज यहां हरियाणा विधानसभा में चल रहे सदन के दौरान लगाए गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

### श्रुति चौधरी ने दी जानकारी
### भूमि नहीं होने से अटका माइनर कार्य



सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान बताया कि सिरसा जिले में ढिंगतानिया तथा भम्भूर माइनरों का निर्माण भूमि की न होने के कारण शुरू नहीं हो सका है, लेकिन ठोस कदम उठा रहा है। ढिंगतानिया खरीफ चैनल के लिए कुल 148.62 एकड़ भूमि में से अब तक केवल 68 प्रतिशत भूमि ही कलेक्टर दरों पर उपलब्ध हो पाई है।

### केंद्र की अपील खारिज, हाईकोर्ट का फैसला

# पारिवारिक पेंशन से तलाकशुदा बेटी को नहीं रोका जा सकता

पंचकूला। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी सैनिक की तलाकशुदा बेटी को केवल इस आधार पर पारिवारिक पेंशन से वंचित नहीं किया जा सकता कि उसका तलाक उसकी मां की मृत्यु के बाद हुआ। नियमों के अनुसार, पूर्व सैनिक की अविवाहित या तलाकशुदा आश्रित बेटी को, माता-पिता की मृत्यु के बाद, पारिवारिक पेंशन का हकदार माना जाता है। जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस विकास सूरी की खंडपीठ ने यह आदेश केंद्र सरकार की उस याचिका को खारिज करते हुए दिए, जिसमें आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल (एएफटी) चंडीगढ़ के आदेश को चुनौती दी गई थी। एएफटी ने 26 जुलाई 2023 को रीटा शर्मा को उनकी मां मोतिया देवी की मृत्यु के बाद आश्रित पेंशन देने का आदेश दिया था। रीटा शर्मा के पिता 30 अक्टूबर 1946 को सेना में भर्ती हुए थे और 17 मई 1965 को सेवा से मुक्त कर दिए गए थे। उन्हें विकलांगता पेंशन भी मिली थी। उनकी मृत्यु 14 फरवरी 1986 को हुई। इसके बाद उनकी पत्नी मोतिया देवी को पारिवारिक पेंशन दी गई। लेकिन उनकी मृत्यु 10 अगस्त 2005 को हो गई। इसके बाद रीटा शर्मा ने तलाकशुदा और आश्रित बेटी होने के आधार पर पेंशन का दावा किया। केंद्र सरकार का तर्क था कि चूंकि रीटा का तलाक 12 दिसंबर 2006 को हुआ यानी मां की मृत्यु के बाद, इसलिए उसे पेंशन का अधिकार नहीं है।



### ये तर्क था

- केंद्र सरकार का तर्क था कि बेटी का तलाक मां की मृत्यु के बाद हुआ इसलिए उसे पेंशन का अधिकार नहीं है

### बार काउंसिल ने मांगी शिकायत

# 'बेंच हंटिंग' और 'फोरम शापिंग' पर होगी कार्रवाई

पंचकूला। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल ने वकीलों और वादकारियों द्वारा की जा रही कथित बेंच हंटिंग (विशेष पीठ से अनुकूल आदेश प्राप्त करने या किसी पीठ से बचने का प्रयास) और फोरम शापिंग की प्रथा पर संज्ञान लेते हुए, शिकायतें आमंत्रित की हैं। काउंसिल की प्रिविलेज कमेटी ने कहा है कि कोई भी अधिवक्ता, प्रभावित व्यक्ति या आमजन इस तरह की अनैतिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी, साक्ष्य या शिकायतें साझा कर सकता है। इसके लिए शिकायत प्रिविलेज कमेटी को ईमेल या बार काउंसिल के आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर पर भेजी जा सकती हैं। यह कदम रूप बंसल मामले के बाद उठाया गया है, जिसमें बेंच हंटिंग की शिकायतें सामने आई थीं। दिल्ली एनसीआर व गुरुग्राम के बिल्डर एमएएम के रूप कुमार बंसल सैकड़ों करोड़ रुपये के गबन का आरोप है और उसके खिलाफ ईडी ने मामले दर्ज किए हुए हैं।

### 16 वकील तलब किए थे

बार काउंसिल इस प्रकरण में कुल 16 वकीलों को तलब किया गया था। इनमें से दो वरिष्ठ वकीलों को प्रिविलेज कमेटी ने क्लीन चिट दे दी है, क्योंकि उन्होंने जांच में पूरा सहयोग किया और स्पष्ट किया कि उक्त याचिका उनके कार्यालय से दाखिल नहीं हुई थी। वे केवल बाद में इस मामले में पेश हुए थे। कमेटी ने यह भी पाया कि रूप बंसल की ओर से हाई कोर्ट में पेश होने वाले कई वकील, दिल्ली में प्रैक्टिस करने वाले दो वकीलों द्वारा नियुक्त किए गए थे।

# लिपिकीय त्रुटियों के कारण योजना का लाभ नहीं मिलना मानवीय गरिमा का उल्लंघन

### न्यायमूर्ति ललित बत्रा के आदेश से दयालु योजना में कमियों पर लगाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने आदेश में दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) के तहत लिपिकीय त्रुटियों के कारण पात्र परिवारों को मिलने वाले लाभ में हो रही देरी और मनमानी अस्वीकृतियों पर कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने शिकायत के निस्तारण के दौरान पाया कि एक शिकायतकर्ता का दावा केवल मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार पहचान पत्र में आयु में अंतर होने के कारण अस्वीकृत कर दिया था। आयोग ने कहा कि ऐसी अस्वीकृति मूलभूत मानवीय गरिमा का उल्लंघन है।

### आयोग को ये शिकायत दी गई थी

शिकायतकर्ता ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग को शिकायत में लिखा है कि मेरे पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र में दर्ज मृतक पिता की आयु, परिवार पहचान पत्र में दर्शाई आयु से मेल नहीं खाती थी। केवल इस आधार पर शिकायतकर्ता की दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) के तहत की गई आवेदन को अनुचित रूप से अस्वीकृत कर दिया गया। यह भी बताया गया कि मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार पहचान पत्र में दर्ज मृतक पिता की आयु में अंतर होना, केवल एक लिपिकीय त्रुटि थी, जिसे अब सुधार लिया गया है। संशोधित मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के बावजूद अधिकारियों ने उसके आवेदन पुनर्विचार नहीं किया।

- ये आदेश दिए : संशोधित दस्तावेज जमा होने पर दावा पुन: खोला जाए
- ऐसे मामलों में एक स्पष्ट सुधार प्रक्रिया बनाई जाए
- जिला स्तर पर विशेष शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन हो
- प्रत्येक प्रत्येक शिकायत को दर्ज करे, समयबद्ध समाधान करे
- सरकार योजनाओं से जुड़ी जन-जागरूकता गतिविधियां चलाएं

# प्रदेश में 4.25 लाख से अधिक पद रिक्त, फिर भी बेरोजगारी : सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सांसद सैलजा ने कहा कि लोकसभा में एक सवाल के जवाब में सरकार ने माना कि हरियाणा में विभिन्न विभागों में 4 लाख 25 हजार पद रिक्त है तो दूसरी ओर हरियाणा विधानसभा में सरकार ने माना कि प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में चार लाख 4 हजार 950 बेरोजगार पंजीकृत हैं। ऐसे में सरकार रिक्त पदों पर भर्ती करने से क्यों गुरेज कर रही है, नई नियुक्तियां करने के बजाए एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों का ही रोजगार छीनने में लगी हुई है, अगर सरकार नियुक्तियां करती है तो उस पर बेरोजगारी भत्ते का भार भी कम होगा।

सांसद सैलजा ने कहा कि उनके द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि 10 जुलाई 2025 तक हरियाणा में राष्ट्रीय कॅरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर 4.25 लाख से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं। मंत्रालय ने बताया कि राज्य में रोजगार सृजन के लिए कई योजनाएं लागू हैं। दूसरी ओर हरियाणा विधानसभा में एक सवाल के जवाब में सरकार ने माना है कि हरियाणा के रोजगार कार्यालयों में चार लाख 4 हजार 950 बेरोजगार पंजीकृत हैं। इनमें बारहवीं स्तर तक के दो लाख 34 हजार 644, स्नातक स्तर के एक लाख एक हजार 923 और स्नातकोत्तर स्तर के 29 हजार 986 बेरोजगार युवा शामिल हैं।



- नई नियुक्तियां करने के बजाए सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों का ही छीन रही है रोजगार


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | वर्ष 2025-2026 (ईडीसी) हेतु रोहतक में विभिन्न विभाजक रोड पर स्थापित स्ट्रीट लाइट प्वाइंट्स का वार्षिक रखरखाव (जीएसटी को छोड़कर) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.09.2025 | 74,36,208/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrtk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38002/I/88/6 दि. 26.08.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | भंडवारी सैनीटरी लैंडफिल साइट पर कलस्टर नं. 1, 2, 3, 4 के माध्यमिक संग्रहण स्थल से ट्रांसपोर्ट किए गए एमएसडब्ल्यू का प्रबंधन + 2 अधिक। | 21.08.2025 01.09.2025 | 193 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee.sbm@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | एम.सी.जी. के तहत वार्ड नं. 26 में सीवरेज सिस्टम, पैच वर्क और एसडब्ल्यू ड्रेन स्लैब की मरम्मत और रखरखाव + 4 कार्य। | 22.08.2025 29.08.2025 | 4,92,52,003/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 3 | नगर निगम गुरूग्राम | एम.सी.जी. के तहत वार्ड 5, डिवीजन-II में गांव सराय अलावारदी में सीवर लाइन बिछाना और गलियों का निर्माण + 9 कार्य। | 21.08.2025 02.09.2025 | 6,36,55,541/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 ee.sbm@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/38056/I/88/6 दि. 26.08.25


# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने बेसिक लाइफ सपोर्ट प्रशिक्षण दिया

पंचकूला। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए), पंचकूला ने सिविल अस्पताल, सेक्टर 6, पंचकूला के सहयोग से बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के आपातकालीन प्रतिक्रिया कौशल को बढ़ाना और जीवन रक्षक स्थितियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करना था।

इस सत्र का संचालन सिविल अस्पताल, पंचकूला के डॉ. विकास गुप्ता (सिविल सर्जन), डॉ. गगन सिंगला (बाल रोग विशेषज्ञ एवं आरएमओ), शशि और रूपाली की एक उच्च कुशल चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में सैद्धांतिक निर्देश और व्यावहारिक प्रदर्शन दोनों शामिल थे, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए एक व्यापक शिक्षण अनुभव सुनिश्चित हुआ।

### जागरूकता और कौशल विकास को बढ़ावा

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अपर्णा दिलीप और डॉ. दुष्यंत परमार ने सहजता से किया, और प्रशिक्षण के बाद डॉ. दुष्यंत परमार ने छात्रों के लिए एक अतिरिक्त व्यावहारिक प्रदर्शन सत्र का भी संचालन किया। संस्थान ने कुलपति प्रो. संजीव शर्मा के अटूट सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया, जिनके प्रोत्साहन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला अपने हितधारकों के बीच स्वास्थ्य सेवा जागरूकता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रभावशाली प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है।


हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNITNO.125830DATED07.07.2025(EPC-D NO. 131/PD&C) | शुद्धिपत्र-2 के खुलने की तिथि 22.08.2025 सहित ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 05.09.2025 17:00 बजे तक है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | CH-02/NIET-01/NWD/2025-26 DATED:13.08.2025 (REFERENCE NO. 202553841BBC 15D1 4415 90A1 66CCD73AB0F1982HVP),FORREPAIRING OF3NO. 66KV1*1X1200 SQ. MMU/GXLPE POWERCABLE OF66KVNAWAD-BADROLACIRCUIT-1.(TENDER ID: 2025_HBC_465138_1) (DNIT NO:- 130889) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 29.08.2025 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.23/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED:11.08.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID: 2025_HBC_464495_1 20255F2A022B 71CE 4CFF8AC20629C4A210EB967HVP | बोली खुलने की तिथि - 25.08.2025 15:00 बजे, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 03.09.2025 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | E.NITNO.22/XENTSDIVHVPNLHISAR/2025-2026 DATED:11.08.2025 TENDERREF.NO./E-TENDERID: 2025_HBC_464498_1 20254EFB84AC C2B74EFE9461100D5E1372EF967HVP | बोली खुलने की तिथि - 25.08.2025 15:00 बजे, ऑनलाइन बोली जमाकी अन्तिम तिथि 03.09.2025 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/38022/I/88/6 दि. 26.08.25

## खबर संक्षेप

### कस्टमर केयर अधिकारी बनकर 98 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने कस्टमर केयर अधिकारी बनकर एक युवक से 98 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-82ए निवासी उमेश गुप्ता ने बताया कि उसने 10 अगस्त को गूगल वेबसाइट पर जिओ हॉटस्टार कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। जिस पर कॉल करने पर सामने वाले कस्टमर केयर अधिकारी ने उमेश गुप्ता को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करने के लिए कहा। उमेश गुप्ता ने वीडियो कॉल पर बात की और उसके निर्देशों का पालन किया। ऐसे में उमेश के बैंक खाते से कई बार में 98 हजार रुपये कट गए।

### वेतन आयोग के गठन को लेकर प्रदर्शन 29 को

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने घोषणा के सात महीने बाद भी आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी न करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए 29 अगस्त को देशभर में सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषदों व विश्वविद्यालयों में विरोध गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी रासीद को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर.30 की टीम ने रासीद निवासी कस्बा जांहगीरबाद जिला बुलन्दशहर उप्र हाल गांव बडखल फरीदाबाद को बुद्ध बाजार सेक्टर-48 फरीदाबाद के पास से काबू कर एक देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

### आभूषण चोरी करने के आरोपी में चालक काबू

**फरीदाबाद।** आभूषण चोरी के मामले में कैब ड्राईवर व साथी को क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने काबू किया है। थाना शहर बल्लभगढ में अजय वासी झाडसैतली फरीदाबाद ने शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि 11 अगस्त को उसकी पत्नी ने कैब बुक की थी। जब वह रास्ते में किसी काम से कैब से बाहर निकली तो कैब ड्राइवर ने उसके बैग से आभूषण चोरी कर लिये। जिस शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले में मुजमिल व सुहेल को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

---

फरीदाबाद पुलिस के साइबर सेल ने छापेमारी कर पकड़ा, सात फोन व लैपटॉप बरामद

# इंदौर में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

*आरोपियों ने युवक को कॉल कर करेंसी में ट्रेडिंग का लालच दिया। खाता खोलने के कुछ देर बाद जब उसने अपना अकाउंट खोल कर देखा तो निवेश की कोई पूंजी नहीं दिखा रहा था*

**करेंसी ट्रेडिंग के नाम पर युवक से की थी 110000 रुपये की ठगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त साइबर अभिषेक जोरवाल के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने इंदौर स्थित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए मलिक सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि टिकावली निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि एक फरवरी को उसके पास एक कॉल आया जिसने बताया कि करेन्सी में ट्रेडिंग कराते है। फिर ठगों ने शिकायतकर्ता के पास कुछ ट्रेड का डाटा शेयर किया। जिस पर उसने ठगों के बताये अनुसार खाता खोला और 110000 रुपये का निवेश किया। कुछ देर बाद जब उसने अपना खाता खोल कर देखा तो निवेश की कोई पूंजी नहीं दिखा रहा था। जिस शिकायत साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल ने कार्रवाई करते हुए अरूण भौंसले वासी श्रीराम नगर सिटी इन्दौर मध्यप्रदेश, आयुष सिलावट वासी संयोगिता गंज इन्दौर मध्य प्रदेश, नेमिश राठौर व पवन राठौर वासी इन्दौर मध्यप्रदेश हाल अरिहन्त नगर गांधीनगर इन्दौर मध्यप्रदेश, विक्की राठौर वासी बाडगंगा इन्दौर मध्यप्रदेश, कार्तिक भौसले वासी मयूरनगर थाना आजाद नगर इन्दौर मध्यप्रदेश, अभिषेक मीणा वासी ग्राम किशनपुर जिला देवास मध्यप्रदेश हाल बाबूलाल नगर इन्दौर मध्यप्रदेश व विनय जोशी वासी ऋषि नगर इंदौर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है।



### किराये की बिल्डिंग में ठगी का कारोबार

आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि अरूण भौसले मास्टरमाइंड ने इंदौर मध्य प्रदेश में एक बिल्डिंग को किराये पर लेकर फर्जी कॉल सेंटर चला रखा था। जिसमें सभी सहआरोपी कॉलिंग का काम करते थे। विनय जोशी वेबसाइट और लिंक डेवलप करने का काम करता था। आरोपियों से 7 मोबाइल फोन व एक लैपटाप बरामद किया गया। जिनको पुलिस रिमांड के बाद अदालत में पेश कर कार्रवाई की

### जालसाज ने दोस्त बनकर लगा दी चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने युवक का दोस्त बनकर उसे 53 हजार रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।पुलिस को दी शिकायत में यूपी के गाजीपुर निवासी संदीप कुमार ने बताया कि दो अगस्त को उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई थी। कॉलर ने खुद को संदीप कुमार का दोस्त बताते हुए कहा कि वह ऑनलाइन रुपए भेज रहा है। इन रुपयों को उसके दोस्त के नंबर पर ट्रांसफर कर देना। रुपए ट्रांसफर करने के लिए कॉलर ने एक मोबाइल भी संदीप कुमार को भेजा। इसके बाद कॉल करने वाले एक 53 हजार रुपए का एक टेक्स मैसेज भी भेजा तो संदीप कुमार ने उसके द्वारा बताए गए नंबर पर 53 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब संदीप कुमार ने अपने बैंक खाते में बैलेंस जांच तो उसके खाते में रुपए नहीं आए थे।

### चालान भेजकर मोबाइल हैक किया, तीन एफडी तोड़कर उड़ाए 6 लाख रुपये

**रेवाड़ी।** महाराणा प्रताप चौक पर लैब चलाने वाले एक कारोबारी को चालान भेजकर साइबर ठगों ने उसका मोबाइल फोन हैक कर लिया। इसके बाद उसके खाते से 6 लाख रुपये उड़ा दिए गए। यह राशि उसकी तीन बैंक एफडी तोड़कर दूसरे खातों में ट्रांसफर कर ली गई। पुलिस शिकायत में अनूप गुप्ता ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर 19 अगस्त को व्हाट्सएप मैसेज आया था। उसमें लिखा था कि उसका चालान पेंडिंग है। भुगतान करने के लिए मैसेज में लिंक था, जिस पर क्लिक करते ही उसका मोबाइल फोन हैक हो गया। अनूप के अनुसार उसके बजत बैंक खाते में ज्यादा पैसे नहीं थे। साइबर ठगों ने उसकी 2-2 लाख रुपये की तीन एफडी तोड़कर 6 लाख रुपये दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिए। रकम ट्रांसफर होने के बाद साइबर ठगों ने कोलकाता और बिहार के एटीएम से 3 लाख रुपये निकाल लिए, परंतु डायल-1930 पर कॉल करने के बाद अन्य खाते सीज हो गए, जिससे 3 लाख रुपये निकलने से बच गए।

---

**अस्पताल में फ्री इलाज : सरकार से बातचीत के बाद आईएमए की घोषणा**

# आयुष्मान कार्ड से सभी स्वास्थ्य सेवाएं आज से



रेवाड़ी। सरकार से मिलने के बाद आईएमए के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आयुष्मान कार्ड से फ्री इलाज का सुविधा पाने के पात्र लोगों के लिए राहत भरी खबर है। आंदोलन कर रही आएमए के साथ प्रदेश सरकार की बातचीत सिरे चढ़ चुकी है। अब आईएमए ने मंगलवार आधी रात से आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है।

आईएमए ने 19 दिनों से निलंबित सेवाओं को बहाल करने की घोषणा कर दी है। आईएमए ने क्लेम सेटलमेंट में देरी, सीएपीएफ भुगतान, पैकेज दरों के पुनर्निधारण व ग्रीन चैनल भुगतान प्रणाली के क्रियान्वयन आदि मांगों को लेकर आयुष्मान भारत के तहत दी सेवाओं को 19 दिन पहले निलंबित कर दिया था। प्रदेश के 650 प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान भारत कार्ड से मरीजों का इलाज हो रहा था। अब राज्य सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया है कि सभी लंबित भुगतान 30 दिनों के भीतर निपटाए जाएंगे तथा इसके लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली लागू की जाएगी।

### सरकार से बातचीत के बाद निलंबन खत्म

आईएमए की प्रदेश इकाई के प्रतिनिधिमंडल की सरकार के साथ बातचीत के सकारात्मक परिणाम सामने आने के बाद प्रदेश यूनिट ने आयुष्मान भारत सेवाएं बहाल करने का निर्णय लिया है। प्रदेश यूनिट के निर्णय को जिला स्तर पर भी आईएमए ने लागू कर दिया है, जिससे अब मरीजों के लिए निलंबित सेवाएं शुरू की जा रही हैं।
-डा. **दीपक शर्मा**, प्रधान, आईएमए, रेवाड़ी

### मुख्य सचिव के साथ बैठक के बाद सहमति

प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव अनुराग रस्तोगी व अन्य अधिकारियों के साथ आईएमए की उच्च स्तरीय बैठक में मांगों पर विचार करने के बाद आईएमए ने आयुष्मान भारत के तहत निलंबित सेवाओं को फिर से बहाल करने की घोषणा कर दी है। अब आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने का इंतजार कर रहे मरीजों को 27 अगस्त से यह सुविधाएं फिर से उपलब्ध हो सकेंगी।

---

## हिट एंड रन मामले में थार चालक गिरफ्तार, केस

**फरीदाबाद।** बाईपास रोड़ पर थार चालक ने एक महिला को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक को काबू कर गाड़ी को बरामद कर लिया है। थाना बीपीटीपी में अरूण निवासी बाई पास रोड बडौली फरीदाबाद ने एक शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसकी मां सेक्टर-9 से काम करके वापिस आ रही थी तभी एक तेज गति से आ रही थार ने उसकी मां को टक्कर मार दी जिसमें उसकी मां की मृत्यु हो गई। जिस शिकायत पर थाना बीपीटीपी में मामला दर्ज किया गया है।

### महिला को टक्कर मारी थी



जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना बीपीटीपी की टीम ने सचिन निवासी तिगांव को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लापरवाही और तेज रफ्तार से गाडी चला रहा था जिससे महिला को टक्कर लग गई। पुलिस द्वारा थार को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में फंदे पर लटकी मिली बीटेक की छात्रा

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में बीटेक फाइनल ईयर की छात्रा फंदे पर लटकी मिली है। छात्रा मूल रूप से अलवर राजस्थान की रहने वाली थी। देर रात तक रूममेट अपनी एक दोस्त का बर्थडे सेलिब्रेशन करके वापस होस्टल लौटी तो कमरा अंदर से बंद था। वार्डन और सिक्योरिटी गार्ड ने जब दरवाजा तोड़ा तो अंदर छात्रा फंदे से लटकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, राजस्थान के अलवर की रहने वाली भूमिका बिलासपुर थाना क्षेत्र की मुंजाल यूनिवर्सिटी में बीटेक फाइनल ईयर की छात्रा थी। वह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में एक अन्य छात्रा के साथ रहती थी। कल रात को भूमिका हॉस्टल के कमरे में अकेली थी। परिजनों की मानें तो देर रात को जब भूमिका की रूममेट वापस आई तो कमरा अंदर से बंद था। कई बार खटखटाने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो उसने वार्डन को बुलाया। वार्डन ने सिक्योरिटी गार्ड की मदद से दरवाजा तोड़ा तो अंदर भूमिका एक कील के सहारे चुन्नी का फंदा लगाकर लटकी मिली। भूमिका के मौसा ने बताया कि जब रात करीब साढ़े 12 बजे यूनिवर्सिटी प्रबंधन को भूमिका फंदे पर लटकी मिली थी तो उन्होंने रात करीब साढ़े तीन बजे भूमिका ही तबीयत ज्यादा खराब होने की बात कहकर उसके परिजनों को सूचना क्यों दी। इसके अलावा पुलिस को भी बुलाने में यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने काफी देर की।

---

**लोगों में भय व असुरक्षा फैलाने का आरोप**

## इंस्टाग्राम पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर ने सुरेंद्र ने बेटे के नाम पर बना रखा था अकाउंट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला पुलिस सोशल मीडिया पर भी सतर्क निगरानी बनाए हुए है। इसी कड़ी में सीआईए फतेहाबाद ने थाना भुना पुलिस टीम के सहयोग से इंस्टाग्राम पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाले एक युवक को काबू किया है। सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि थाना भुना के उपनिरीक्षक सोमप्रकाश को गश्त और चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि एक इंस्टाग्राम आईडी से विभिन्न हथियारों के साथ फोटो और रील्स पोस्ट की जा रही हैं। जांच में सामने आया कि यह आईडी गोरखपुर निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र कृष्ण कुमार द्वारा बनाई गई थी, जिसे उसने अपने बेटे के नाम से संचालित कर रखा था।



### आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज

पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन कर समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करने का प्रयास कर रहा था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

---

# दोस्त की हत्या के दोषी को उम्रकैद व जुर्माना

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र में दोस्त पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सिंह अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर आरोप था कि उधार दिए 500 रुपये मांगने के बाद कहासुनी व झगड़े में उसने वारदात को अंजाम दिया था। श्याम नगर निवासी अमन ने 24 मार्च, 2022 को शहर थाना पुलिस को बताया था कि उनके बड़े भाई सोनू उर्फ शिव (25) ढोल बजाने के साथ सफाई का काम करते थे। वह 23 मार्च, 2022 की रात को खाना खाकर बाहर घूमने गए थे। एसएम हिंदू स्कूल के गेट के पास मूलरूप से गांव दुभेटा व हाल इंडियन कॉलोनी निवासी अर्जुन और उसके दोस्त ने उनके भाई को चाकू मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

### पैसे मांगने पर घोंप दिया था चाकू

तत्कालीन सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वजीर सिंह की टीम ने मुख्य आरोपित अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया था। उससे वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया गया है। अर्जुन ने पुलिस को बताया था कि सोनू व प्रदीप उनके दोस्त थे। वह 23 मार्च को प्रदीप के साथ घूमने निकला था। जब वह ककरोई चौक पर थे तो उनका दोस्त सोनू भी आ गया था। वह नंदी चौक की तरफ पैदल चल दिए थे। वह तथा सोनू आगे चल रहे थे और प्रदीप पीछे था। आगे जाकर सोनू उनसे अपने पुराने 500 रुपये मांगने लगा था। जिस पर उनका झगड़ा हो गया था। आरोपित ने पुलिस को बताया था कि उसका नाम चोरी के मामलों में आ चुका था। जिसके चलते वह अपने पास चाकू रखता था। उन्होंने चाकू से सोनू पर हमला कर दिया था। प्रदीप ने भी उसका साथ दिया था। राहगीरों के आने पर वह भाग गए थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद एएसजे नरेंद्र सिंह की अदालत ने अर्जुन को दोषी करार दिया। अदालत ने सबूतों के अभाव में प्रदीप को बरी कर दिया। अदालत ने अर्जुन को हत्या के मामले में उम्रकैद व पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

## गीले छज्जे से फिसल गई महिला तीसरी मंजिल से नीचे गिरी, मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-5 थाना एरिया के अशोक विहार फेज-3 स्थित एक मकान की तीसरी मंजिल से गिरने पर महिला की मौत हो गई। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बारिश होने से छज्जा गीला हो रखा और महिला का पैर फिसलकर वह नीचे गिर गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरू कर दी।

### पति और बेटा दोनों डॉक्टर

जानकारी अनुसार अशोक विहार फेज-3 निवासी मीनू सिंह (59 वर्ष) अपने पति व चार बच्चों के साथ रहती थी। उसका पति जीआर सिंह व बेटा जितेंद्र कुमार, दोनों डॉक्टर हैं। सोमवार की दोपहर को वह मकान की तीसरी मंजिल के छज्जे पर थी। बारिश के कारण छज्जा गीला हो रखा था तो पैर फिसलने से वह नीचे गिर गई। परिवार वाले गंभीर रूप से घायल मीनू सिंह को निजी अस्पताल में लेकर गए तो उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जांच अधिकारी कृष्ण ने बताया कि मामले की जांच में महिला के पैर फिसलकर छज्जे से गिरने की बात सामने आई है।

## मजदूरों के वेतन के साढ़े चार लाख लेकर भागा, ऐश-मस्ती में उड़ा दिए

**गुरुग्राम।** पुलिस ने खेडकीदौला एरिया में मजदूरों के वेतन के साढ़े चार लाख रुपए हड़पने का आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, पुलिस चौकी बार गुर्जर को 20 मार्च को अदालत के माध्यम से शिकायत मिली थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी कंपनी की कंस्ट्रक्शन साईट एम3एम, गोल्फ हिल्स सेक्टर-79, के स्टोर कीपर राजेश को लेबर का वेतन देने के लिए 11 लाख 20 हजार रुपए दिए गए थे। जिसमें राजेश ने मजदूरों को 06 लाख 70 हजार रुपए ही वेतन दिया। बाकी 04 लाख 50 हजार रुपए न देकर उसने खुद रख लिए।

### आरोपी रिमांड पर

खेडकीदौला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस चौकी बार गुर्जर की टीम ने कार्रवाई करते हुए बीती 21 अगस्त को आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान यूपी के सुल्तानपुर निवासी राजेश कुमार सिंह (46 वर्ष) के रूप में हुई। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने ऐश व मस्ती में पैसे खर्च कर दिए।

---

**पंजाब नंबर की चार गाड़ियों में कारोबारी पर छापा मारने पहुंची टीम**

# कैथल के चावल व्यापारी पर ईडी की रेड आठ घंटे तक दुकान और घर को खंगाला

**सुबह 11 बजे शाम सात बजे तक रही टीम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ईडी की टीम द्वारा मंगलवार को कैथल के चावल व्यापारी की दुकान और घर पर दबिश दी। टीम द्वारा करीब 8 घंटे की अपनी छानबीन की गई। बता दें कि मंगलवार शाम के समय शहर के हूडा सेक्टर 19 के पार्ट दो स्थित सचदेवा हाउस में एक कारोबारी के घर पर दबिश दी। इससे पहले टीम के सदस्यों ने कुछ देर तक कारोबारी की नई अनाज मंडी स्थित प्रतिष्ठान पर भी दबिश दी। इसके बाद टीम के सदस्यों ने कारोबारी के निवास स्थान पर पहुंचे।

प्राप्त जानकारी अनुसार पंजाब राज्य के नंबर की चार गाड़ियों में सवार ईडी अधिकारी व फोर्स कैथल पहुंची और सीधे अनाज मंडी में स्थित कारोबारी रमेश सचदेवा की दुकान पर पहुंचे। इस दौरान फोर्स के सदस्यों ने न तो किसी को अंदर जाने दिया तथा न ही किसी को बाहर आने दिया। वहां रिकॉर्ड खंगालने के बाद टीम ने हुड्डा सेक्टर-19 पार्ट-दो स्थित उसके घर की तलाशी ली। दबिश के बाद अधिकारी घर से दो बड़े बैग लेकर बाहर निकलते दिखाई। हालांकि अभी तक ईडी की ओर से इस मामले को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। कार्रवाई सुबह 11 बजे के बाद शुरू होकर शाम करीब सात बजे तक जारी रही।



ENFORCEMENT DIRECTORATE

### *व्यापार से जुड़ा बताया जा रहा मामला*

*इस पूरी कार्रवाई को सचदेवा परिवार के व्यापार से जुड़ा मामला माना जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार सचदेवा की ओर से बड़ी मात्रा में चावल निर्यात काम किया जाता है। इसके अलावा वह खाद का व्यापार भी करता है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से परिवार की कारोबारी गतिविधियां जांच एजेंसियों की नजर में थीं।*

# जंगल से खैर के पेड़ काट रहे तस्करों ने वन दरोगा और मजदूर पर किया हमला

■ गश्त लगा रहे थे मिंटू कुमार ■ आवाज लगाने पर हमला बोल दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

बंसतौर मौजा ताहरपुर के जंगल से खैर के पेड़ काट रहे खैर तस्करों ने वन दरोगा व मजदूर पर हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी खैर तस्कर फरार हो गए। मौके से खैर के 10 टुकड़े बरामद हुए है। जिनकी बाजार में कीमत करीब 30 हजार रुपये है। पुलिस ने अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### खैर के दस टुकड़े बरामद, केस




पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बंसतौर बीट के इंचार्ज वन दरोगा मिंटू कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 23 अगस्त की रात को बंसतौर जंगल के पास गश्त कर रहा था। इस दौरान रात साढ़े 11 बजे उसे सूचना मिली थी कि जंगल से कुछ खैर तस्कर पेड़ों को काट रहे हैं। सूचना मिलते ही वह मजदूर मेहंदी के साथ मौके पर पहुंचा। जब उन्होंने आवाज लगाई तो आरोपी खैर तस्करों ने उन दोनों पर हमला कर दिया। जिससे वह दोनों घायल हो गए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने आरोपी खैर तस्करों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। घटनास्थल से खैर के 10 टुकड़े बरामद हुए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खैर के टुकड़ों को बरामद कर अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### जैक्सन इंजीनियर्स सौर संयंत्र करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** जैक्सन इंजीनियर्स मध्य प्रदेश में छह गीगावाट क्षमता का एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। कंपनी ने बयान में मंगलवार को कहा कि यह राज्य में सबसे बड़ा सौर विनिर्माण निवेश है। बयान में कहा गया है कि ऊर्जा और बुनियादी ढांचा समाधान समूह जैक्सन ग्रुप की कंपनी मध्य प्रदेश के मक्सी फेज-2 में छह गीगावाट का एकीकृत सौर मॉड्यूल, सेल और वेफर संयंत्र स्थापित करने के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रही है।

### ग्रासिम का बाजार पूंजीकरण दो लाख करोड़ रुपये के करीब

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) दो लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। कंपनी के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने मंगलवार को कंपनी की 78वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में यह जानकारी दी। ग्रासिम ने वित्त वर्ष 2019- 20 और वित्त वर्ष 2024-25 के बीच पिछले पांच वर्षों में 67,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है।

### सुग्स लॉयड का आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एकीकृत ईपीसी कंपनी सुग्स लॉयड लिमिटेड ने अपने 85.6 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 117-123 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा और दो सितंबर को संपन्न होगा। सुग्स लॉयड के शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध होंगे।

# ट्रंप के शुल्क से एप्पल का आईफोन हुआ 'टैरिफ-प्रूफ', भारत में नहीं बढ़ेंगी कीमतें

## अप्रैल में ट्रंप प्रशासन ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर व अन्य सामानों को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी छूट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा की है तब से एप्पल पसंद करने वालों के मन में यही सवाल घूम रहा है कि क्या आईफोन महंगा होने वाला है? टैरिफ के बावजूद भारत से एप्पल के आईफोन निर्यात पर अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है। अप्रैल में ट्रम्प प्रशासन ने स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों को रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट दी थी।

इस छूट की वजह से आईफोन सहित एप्पल के सेमीकंडक्टर पावर्ड डिवाइस बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के भारत से अमेरिकी बाजार में एंट्री कर रहे हैं। इस छूट ने न केवल एप्पल बल्कि एनवीडिया जैसी अन्य टेक्नोलॉजी कंपनियों को भी राहत प्रदान की है। क्या iPhone की कीमतों पर पड़ेगा असर?

### एप्पल में अतिरिक्त लागत वहन करने की क्षमता

फिलहाल, एप्पल भारत में अपने विस्तार को रोकने के बजाय किसी भी अतिरिक्त लागत को वहन करने की संभावना रखता है। लेकिन एक रिपोर्ट के मुताबिक, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि 50 प्रतिशत टैरिफ के जोखिम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर इसे आईफोन पर लागू किया जाता है, तो इसका असर प्रमुख बाजारों में एप्पल की कीमतों को नया रूप दे सकता है, एकमुश्त बढ़ोतरी के रूप में।



### टैरिफ शील्ड से आईफोन सुरक्षित

टैरिफ शील्ड फिलहाल आईफोन को सुरक्षित रखती है लेकिन स्थिति अभी भी अस्थिर है। धारा 232 के तहत स्टील और एल्युमीनियम पर शुल्क लगाने के लिए शक्तियों का इस्तेमाल पहले ही किया जा चुका है, जिसका असर मछली पकड़ने की रील और झाड़ू जैसी आम वस्तुओं पर भी पड़ रहा है। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि यही अधिकार स्मार्टफोन पर भी लागू हो सकते हैं।

### भारत बना प्रोडक्शन हब

एप्पल के लिए भारत अब सिर्फ चीन का विकल्प नहीं बल्कि अमेरिका भेजे जाने वाले आईफोन का प्रोडक्शन हब भी बन गया है। कंपनी की स्थिति मज़बूत है लेकिन भविष्य में कंपनी का फायदा इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वाशिंगटन दरवाजा खुला रखता है या नए टैरिफ़ लगाकर उसे बंद करने का फ़ैसला करता है?

## कंपनी भारत में परिचालन मजबूत करेगी

# सुजुकी मोटर अगले पांच-छह साल में भारत में 70,000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश: तोशीहिरो

एजेंसी ⏭ हंसलपुर (गुजरात)

जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि देश में अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए अगले पांच से छह साल में कंपनी 70,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के हंसलपुर विनिर्माण संयंत्र से मारुति सुजुकी के पहले इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा को मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- भारत में बनी मारुति की ई विटारा जापान सहित 100 देशों में निर्यात होगी

भारत में बनी मारुति ई-विटारा का जापान सहित 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। मोदी ने सुजुकी, तोशिबा और डेंसो के लिथियम-आयन बैटरी विनिर्माण संयंत्र का भी उद्घाटन किया जो हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी उत्पादन में सहायक होगा।

**लिथियम की आपूर्ति प्रभावित होने से बैटरी का विनिर्माण रुका:** मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने कहा कि लिथियम की आपूर्ति के लिए चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण जोखिम की स्थिति बनी हुई है जो निवेशकों को भारत में बैटरी सेल विनिर्माण में बड़े पैमाने पर निवेश करने से रोक रहा है। अपने संयंत्र में मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लिथियम आयन बैटरी सेल के उत्पादन से इतर भार्गव ने उम्मीद जताई कि भारतीय वैज्ञानिक ऐसी प्रौद्योगिकियां विकसित करने में सक्षम होंगे जो बाहरी आपूर्ति पर निर्भरता को हल कर सकें।



### 40 लाख ईकाई प्रति वर्ष तक विस्तार

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने बाद में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि यह निवेश कंपनी के सालाना 40 लाख इकाई उत्पादन के लक्ष्य को पूरा करने के लिए किया जाएगा। प्रस्तावित निवेश क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने कहा, 'हम 40 लाख इकाई प्रति वर्ष तक विस्तार कर रहे हैं। अतः 40 लाख इकाई क्षमता का विस्तार, सभी सहायक बुनियादी ढांचे और अनुसंधान एवं विकास तथा नई प्रौद्योगिकियों में निवेश के साथ....इन सभी के लिए काफी धन की जरूरत होगी।''

### चार दशक से परिवहन क्षेत्र में भागीदार

इस अवसर पर तोशीहिरो सुजुकी ने कहा, '' सुजुकी अगले पांच से छह वर्ष में भारत में 70,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी।'' उन्होंने कहा, '' सुजुकी ने चार दशक से भी अधिक समय से भारत की परिवहन यात्रा में गर्व से भागीदारी की है। हम भारत के सतत हरित परिवहन के दृष्टिकोण का समर्थन करने और विकसित भारत में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### जीएसटी परिषद की बैठक 4 सितंबर को

गुजरात में स्थापित होने वाले दूसरे संयंत्र को अंतिम रूप दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर भार्गव ने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि हम जीएसटी परिषद की बैठक (4 सितंबर को) के बाद इस प्रश्न का अधिक स्पष्ट रूप से उत्तर दे पाएंगे क्योंकि उसके बाद हर कोई यह अनुमान लगाएगा कि जीएसटी संबंधी निर्णयों का भविष्य की वृद्धि पर क्या प्रभाव पड़ने वाला है।''

### समूह पहले ही एक लाख करोड़ का निवेश कर चुका

कंपनी के इस दूसरे संयंत्र की घोषणा पिछले साल 35,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ की गई थी। सुजुकी समूह पहले ही भारत में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर चुका है। इन निवेश से मूल्य श्रृंखला में 11 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हुए हैं। मारुति सुजुकी इंडिया की इकाई सुजुकी मोटर गुजरात (एसएमजी) में विशेष रूप से विनिर्मित, निर्यात के लिए तैयार ई-विटारा की पहली खेप पीपावाव बंदरगाह से यूरोपीय क्षेत्र में भेजी जाएगी।

### भारत में कोई भी बैटरी सेल नहीं बना रहा

भार्गव ने कहा, ''हम अभी तक ईवी बैटरियां नहीं बनाते...भारत में कोई भी बैटरी सेल नहीं बना रहा है। आज इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की एक समस्या यह है कि लोग सेल को बैटरियों में पैक कर रहे हैं लेकिन सेल का वास्तविक उत्पादन (भारत में) नहीं हो रहा है।'' भार्गव ने जोर देकर कहा कि बैटरी सेल के उत्पादन के लिए संयंत्र स्थापित करना '' एक बहुत ही पूंजी-प्रधान प्रस्ताव है।''

### सेल ने नौसेना को विशेष इस्पात की आपूर्ति की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने भारतीय नौसेना के दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8,000 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में इन दोनों जहाजों को आज, 26 अगस्त, 2025 को विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह के दौरान नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने भारतीय नौसेना के इन दोनों उन्नत युद्धपोत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**NOTICE**

I, Varun Narwal S/o Shri Joginder Singh R/o House No. 1438, Sector-4 Extension, Rohtak-124001 (Haryana), declare that my daughter's name mentioned in passport is Kaina Singh and her passport number is S3471178. I want to change my daughter's name from Kaina Singh to Kaina Narwal in her passport. In future my daughter will be known as Kaina Narwal.

**ई-नीलामी सूचना**

तूफान से क्षतिग्रस्त वाहन (स्क्रैप स्थिति) - मात्रा- लॉट में (03 नग/पीस), मेसर्स पीएसबी ऑटो सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में, "जैसा है जहाँ है" के आधार पर निपटान हेतु इच्छुक खरीदारों से ई-नीलामी फॉर्म आमंत्रित किए जाते हैं। उपरोक्त सामग्री के अवशेष का निरीक्षण मेसर्स पीएसबी ऑटो सेल्स प्राइवेट लिमिटेड, 117/8 माइलस्टोन एनएच1, जीटी रोड, करनाल, पर 27/08/25 से 03/09/25 के बीच, श्री जगदीप सिंह भयाना, मोबाइल नंबर:- 9896088077 से पूर्व नियुक्ति प्राप्त करने के बाद किया जा सकता है। ई-नीलामी 04/09/25 को आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी फॉर्म के लिए, श्री नीरज सदाना से मोबाइल:- 8434340000 पर संपर्क करें।

**ई-नीलामी इनसाइट्स प्राईवेट लिमिटेड (नीलामीकर्ता)**

पता: 148, स्ट्रीट: 11, भाखड़ा एन्क्लेव, नजदीक गुरुद्वारा साहिब मालोमाजरा, तहसील और जिला पटियाला, पंजाब-147001 या अधिक जानकारी के लिए हमें ईमेल करें
info@eauctionbharat.com
ई.नीलामी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 03/09/2025 को शाम 05:00 बजे से पहले है।

### भारत का कैसियो घड़ियों का बाजार शीर्ष तीन बाजारों में होगा शामिल

**नई दिल्ली।** घड़ी बनाने वाली कंपनी कैसियो के भारत प्रमुख टाकुटो किमुरा ने कहा है कि भारत उनके लिए एक 'खास बाजार' है और यहां उनका कारोबार हर साल 25 से 30 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ रहा है। किमुरा ने उम्मीद जताई कि जल्द ही भारत दुनिया में कैसियो के सबसे बड़े तीन बाजारों में से एक बन जाएगा। किमुरा ने यह भी बताया कि कंपनी भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए निवेश जारी रखेगी, ताकि अभी की गति बनी रहे। फिलहाल, जापान, चीन, अमेरिका और यूरोप के बाद भारत कैसियो का पांचवां सबसे बड़ा बाजार है। किमुरा के अनुसार, भारत कैसियो के घड़ी कारोबार के लिए वास्तव में एक 'महत्वपूर्ण बाजार' है, जहां आर्थिक वृद्धि के साथ लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ रही है है। इन वजहों से इस बाजार में बहुत संभावनाएं निहित हैं। किमुरा ने कहा, ''निश्चित रूप से भारतीय बाजार कैसियो के लिए पहला ऐसा अंतरराष्ट्रीय बाजार है जिस पर कंपनी विशेष ध्यान केंद्रित करती है, और हम आयातित घड़ियों के साथ-साथ 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से अपनी उत्पाद श्रृंखला को विस्तार देने का प्रयास करेंगे।''

# ट्रंप टैरिफ से पहले सेंसेक्स 849 अंक टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे आ गया। इसके अलावा विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझान ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 255.70 अंक टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 278.15 अंक या 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,689.60 अंक पर आ गया था।

- सूचकांक टूटकर 81,000 अंक से नीचे फिसला





विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के गवर्नर को बर्खास्त करने के बाद विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू करने के लिए एक मसौदा आदेश जारी किया है।

### इन शेयरों में लाभ व हानि दर्ज

रियल्टी, फार्मा, बैंकिंग और धातु शेयरों में बिकवाली का सबसे अधिक असर पड़ा, जबकि एफएमसीजी शेयरों ने मामूली बढ़त के साथ अपेक्षाकृत मजबूती दिखाई । सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मास्युटिकल, टाटा स्टील, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल और लार्सन एंड टुब्रो में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी इंडिया, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### होटल क्षेत्र की प्रति उपलब्ध कमरे की कमाई बढ़ी

मुंबई। भारत के अतिथ्य उद्योग में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में होटल के प्रत्येक कमरे से हुई आय में 12.9 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज हुई है। एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। जेएलएल की 'होटल मोमेंटम इंडिया (एचएमआई) दूसरी तिमाही-2025' रिपोर्ट के अनुसार, आतिथ्य क्षेत्र ने सालाना आधार पर प्रति उपलब्ध कमरे की आमदनी में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 12, फरीदाबाद में एनएच-3 मस्जिद चौक पर आरएमसी एम-25 स्लिप रोड्स का निर्माण करके इंटरसेक्शन प्वाइंट्स को चौड़ा करना + 7 कार्य। | 21.08.2025 28.08.2025 | 1,49,18,031/- | https://etenders.hry.nic.in | 9599780888 mcfamrut1@gmail.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 22 न्यू, फरीदाबाद में वर्षा ऋतु के दौरान दैनिक शिकायतों के निपटान के लिए डीजल, ट्रैक्टर और लेबर सहित ट्रैक्टर माउंटेड ड्राइवन वाटर पम्प को किराये पर लेना + 21 कार्य। | 22.08.2025 29.08.2025 | 3,36,48,881/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 mcfamrut1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37999/I/88/6 दि. 26.08.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | एचएसवीपी, सेक्टर-59, पार्ट-2, फेज-L और II फरीदाबाद में 60 महीनों की डीएलपी के पश्चात और बकाया रोड्स का अपग्रेडेशन। | 22.08.2025 11.09.2025 | 552.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818320496 ia.faridabad@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38003/I/88/6 दि. 26.08.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ इ-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 950- एम.सी. सोनीपत के तहत सब्जी मण्डी वार्ड नं. 5 और बाबा धाम मंदिर के निकट सामुदायिक केन्द्र का पुनरोद्धार/ निर्माण + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.08.2025 | 1,66,02,037/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | 939- वार्ड नं. 11, एम.सी. सोनीपत में कल्याण नगर, भीम नगर और अन्य स्थानों में सीवर लाइन को बदलने हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 01.09.2025 | 1,62,750/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38025/I/88/6 दि. 26.08.25

## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### चांदी 3,000 रुपये उछली व सोना 600 रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** कमजोर रुपये और मजबूत वैश्विक रुझानों के समर्थन से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछली बार 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। सराफा एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को चांदी की कीमत 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को हटाने के फैसले के बाद निवेशकों द्वारा पारंपरिक सुरक्षित निवेश की तलाश के कारण मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। इस फैसले के कारण केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं।

### शब्द पहेली - 5970




**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5969 का हल**





## खबर संक्षेप

### मेरी कुर्सी का सम्मान करें, जितना मैं करती हूं

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ताजा हमला बोलते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि उन्हें उनसे (मोदी से) कभी यह उम्मीद नहीं थी कि वे उनकी कुर्सी का अनादर करने के साथ पूरे प्रांत का अपमान करेंगे। बर्धमान शहर में एक कार्यक्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि इससे राज्य के खजाने पर 'भारी बोझ' पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा, पीएम को मेरी कुर्सी का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना मैं उनकी कुर्सी का करती हूं।



### झांकी में मराठी भाषा को प्रदर्शित करने की मांग

**मुंबई।** मुंबई में गणेश मंडलों की समन्वय समिति ने अपील की है कि वे गणपति उत्सव को गैर-राजनीतिक रखें तथा उत्सव के दौरान मराठी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा दें। महाराष्ट्र सरकार ने आज से शुरू हो रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव को राज्य उत्सव का दर्जा दिया है। समिति ने कहा, गणेशोत्सव एक भक्तिपूर्ण और सांस्कृतिक उत्सव है और इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए इसे राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए।



### लद्दाख में मौसम की पहली बर्फबारी

**लेह (भाषा)।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम की पहली बर्फबारी हुई जबकि इसके निचले इलाकों में मध्यम दर्जे की बारिश हुई। उन्होंने बताया कि 18,379 फुट की ऊंचाई पर स्थित खारदुंग ला दर्रा पर बर्फबारी हुई है। अधिकारियों के मुताबिक गत 24 घंटे में ज़्यादातर पहाड़ी दर्रों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बर्फबारी हुई है। इनमें खारदुंग ला टॉप, लेह-पैंगोंग झील मार्ग पर स्थित 17,950 फुट ऊंचा चांगला टॉप और जांस्कर घाटी के इलाके शामिल हैं।

### 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने बोला गृहमंत्री पर हमला

# शाह ने 40-50 साल तक भाजपा सरकार की बात 'वोट चोरी' के कारण की थी : राहुल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्वाचन आयुक्तों का चयन करते हैं और चुनावों की तारीखें, निर्वाचन आयोग नहीं, बल्कि भाजपा तय करती है। इसके बाद वोट चोरी का खेल खेला जाता है।

एजेंसी ▶▶ मधुबनी (बिहार)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि गृह मंत्री अमित शाह ने देश में 40-50 साल तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बने रहने संबंधी बयान इसलिए दिया था क्योंकि ये लोग 'वोट चोरी' करते हैं। उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान मधुबनी में एक सभा को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्वाचन आयुक्तों का चयन करते हैं और चुनावों की तारीखें, निर्वाचन आयोग नहीं, बल्कि भाजपा तय करती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, ''कुछ साल पहले अमित शाह ने कई बार यह बयान दिया कि भाजपा की सरकार 40-50 साल तक रहेगी। पहले ये बयान अजीब लगा, अमित शाह को कैसे पता कि 40-50 साल तक सरकार चलेगी। अब सच्चाई सामने आ गई है।'' उन्होंने दावा किया कि अमित शाह ऐसा इसलिए कह पा रहे थे, क्योंकि ये लोग 'वोट चोरी' करते हैं। राहुल गांधी ने कहा, ''वोट की चोरी पहले गुजरात में शुरू हुई और फिर 2014 में देश में दूसरे हिस्सों में शुरू हो गईं।

### बड़े संस्थानों में बड़े पदों पर दलित क्यों नहीं

बिहार में महंगाई, बेरोजगारी, पलायन और आर्थिक संकट चरम पर



यात्रा के 10वें दिन प्रियंका गांधी भी हुईं शामिल

### देश के पूंजीपतियों का कर्ज माफ हो जाता है

अंबानी का बेटा हो या देश का गरीब युवा, दोनों को एक समान वोट मिलता है। अंबानी जैसे पूंजीपतियों को वोट की जरूरत नहीं है, बैंक के दरवाजे उनके लिए खुले हैं, उनका कर्ज माफ हो जाता है।'' राहुल गांधी ने कहा, ''देश में वोट की जरूरत गरीबों को है, क्योंकि इसके बिना आपको कोई अधिकार नहीं मिल सकता।'' राहुल गांधी ने कहा कि वह जो कहते हैं, उसे पूरा करके ही छोड़ते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी तय करते हैं कि निर्वाचन आयुक्त कौन बनेगा

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी तय करते हैं कि निर्वाचन आयुक्त कौन बनेगा और इसमें विपक्ष के नेता की एक नहीं सुनी जाती। राहुल गांधी का कहना था, ''2023 में भाजपा ने नया कानून बनाया कि निर्वाचन आयुक्त पर कोई मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। सवाल है कि ऐसा कानून क्यों बनाया गया? जवाब है- 'वोट चोरी' करवाने के लिए। उनका कहना था, ''मेरी 'वोट चोरी' से संबंधित संवाददाता सम्मेलन पर नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने कुछ नहीं कहा। ऐसा इसलिए क्योंकि जब चोर पकड़ा जाता है तो वह बिल्कुल चुप हो जाता है। उसे पता चल जाता है कि मैं तो फंस गया, अब पकड़ लिया गया हूं।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि वोट का अधिकार छिन जाने के बाद लोगों को कोई दूसरा अधिकार नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा, ''संविधान में लिखा है कि हिंदुस्तान के हर नागरिक को एक वोट मिलेगा।

### राहुल झूठ को सच साबित करने पर तूले : गिरिराज

'मतदाता अधिकार यात्रा' पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, राहुल गांधी बिहार दौरे पर हैं तो रहे। दौरा करना उनका काम है लेकिन झूठ को सच नहीं बना सकते हैं। आज 26 तारीख हो गई है आखिर क्यों नहीं वो एक भी वोट को दाखिल कर पाए इससे साबित होता है कि ये झूठ को सच साबित करना चाहते हैं।

### बिहार की गली-गली में घूमने वाले दशकों तक गरीबों को वोट देने नहीं दिया : प्रधान

**पटना (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मकांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा से कहा कि वे अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को आमंत्रित करने के लिए ''बिहार की जनता से माफी मांगें।'' रेवंत रेड्डी ने कहा था कि बिहार का 'डीएनए घटिया' है। बिहार के लिए भाजपा के पूर्व प्रभारी महासचिव प्रधान ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर 'वोट चोरी' की 'अफवाहें फैलाने' का आरोप लगाया। बिहार की गली-गली में घूमने वाले दशकों तक गरीबों को वोट देने नहीं दिया।

### तेजस्वी यादव ने बोला हमला

### एनडीए के लोगों के अंदर बेचैनी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में 'मतदाता अधिकार यात्रा' पर कहा, हम राहुल गांधी के साथ और महागठबंधन के नेता जनता के बीच जा रहे हैं और जनसंपर्क हम लोग कर रहे हैं। जनता में भारी उत्साह है लोगों का प्यार महागठबंधन को मिल रहा है। जिससे एनडीए के लोगों को बेचैनी हो रही है। हमने पहले भी कहा था एनडीए का मतलब 'नहीं देंगे अधिकार'।

### डीके ने संघ की प्रार्थना पर मांगी माफी

# गांधी परिवार मेरा भगवान, मैं भक्त आखिरी सांस तक रहूंगा 'कांग्रेसी'



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना गाने को लेकर विवाद के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को फिर से सफाई दी। उन्होंने कहा- मैं गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराना चाहता हूं। मैं कांग्रेस में पैदा हुआ और कांग्रेस में ही मरूंगा। पूरे देश में यह संदेश देना चाहता हूं कि मैं कांग्रेस के साथ पूरी तरह समर्पित हूं। गांधी परिवार मेरे लिए भगवान है और मैं उनका भक्त हूं। मेरा इरादा कभी भी संघ की तारीफ करने का नहीं था। भाजपा ने मुझे तिहाड़ जेल में डालकर परेशान किया था। अगर किसी को ठेस पहुंची है, तो मैं माफी मांगता हूं। दरअसल, डीके शिवकुमार ने 21 अगस्त को विधानसभा में आरएसएस की प्रार्थना गीत 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की कुछ लाइनें गाई थीं। इसके बाद कांग्रेस से उनकी तनातनी की अटकलें तेज हो गई थीं। कहा जा रहा था कि वे कभी भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। शिवकुमार ने 22 अगस्त को मामले पर अपनी सफाई दी थी।

### शिवकुमार ने बहस के दौरान संघ प्रार्थना गाई थी

कर्नाटक विधानसभा में 21 अगस्त को चिन्नास्वामी स्टेडियम भगदड़ (4 जून) पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान विधानसभा में भाजपा विधायक आर. अशोक ने शिवकुमार की ओर इशारा करते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार को आरसीबी भगदड़ की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस पर डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि उन्हें भाजपा की चालों के बारे में सब पता है। फिर उन्होंने भाजपा विधायक के साथ बहस के दौरान संघ की प्रार्थना 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की 2 लाइनें गा दीं।

### कोर्ट से मराठा कार्यकर्ता को झटका

# मनोज जरांगे पूर्व अनुमति के बिना प्रदर्शन नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ मुंबई



सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जारंगे अधिकारियों से पूर्व अनुमति लिए बिना मराठा आरक्षण की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी मराठा कार्यकर्ता के मुंबई कूच के कार्यक्रम के एक दिन पहले की। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ओएसडी ने मंगलवार को जालना में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से मुलाकात की थी और उनसे गणपति उत्सव के मद्देनजर शुक्रवार से मुंबई में प्रस्तावित अपने आंदोलन को स्थगित करने का आग्रह किया था। जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को मंगलवार तक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण देने या प्रदर्शनकारियों के गुस्से का सामना करने की चेतावनी दी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारंगे अधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना विरोध प्रदर्शन नहीं कर सकते।

### प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए स्कूल बसों को भी इलेक्ट्रिक होना चाहिए : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि स्कूल बसों के इलेक्ट्रिक होने से राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के साथ सरदार पटेल विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि दिल्ली की सड़कों पर हजारों स्कूल बसें चलती हैं। स्कूल ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के साथ साझेदारी की है। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, ''हम दिल्ली में प्रदूषण कम करने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। स्कूल बसें एक बड़ा हिस्सा हैं और ऐसी हजारों बसें सड़कों पर चलतीं हैं।

### नक्सलवाद का समर्थन करने के आरोप पर बहस नहीं बढ़ाना चाहता : रेड्डी

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने किया दावे का खंडन

**लखनऊ (भाषा)।** उपराष्ट्रपति पद के लिए 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के उम्मीदवार एवं उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा उन पर नक्सलवाद का समर्थन करने के आरोप को लेकर बहस को आगे बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा कि शाह उनके खिलाफ माहौल बनाना चाहते हैं। रेड्डी ने उपराष्ट्रपति पद को राजनीतिक के बजाय 'उच्च संवैधानिक' पद करार देते हुए मंगलवार को सभी दलों से अपील की कि वे गुण-दोष के आधार पर उनकी उम्मीदवारी पर गौर करें। 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख घटक दलों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं से विचार-विमर्श के लिए लखनऊ आए रेड्डी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मौजूदगी में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शाह द्वारा लगाए गए आरोपों पर कहा, ''मैं इस विषय पर पिछले चार दिन से लगातार बात कर रहा हूं। इस समय मेरे पास कहने के लिए कुछ नया नहीं है। यह सवाल अब नया नहीं है।''




## चिंतन

# ट्रंप के टैरिफ की काट है, स्वदेशी अपनाओ

देश पर जब भी कोई विपदा या परेशानी आई है तो पूरे देश ने मिलकर न केवल मुकाबला किया है बल्कि उस परेशानी का खात्मा करके ही दम लिया है। ऐसा ही समय एक बार फिर आया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले की गई घोषणा के अनुसार भारतीय सामानों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने का एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर दिया है। भारत के खिलाफ ये टैरिफ 27 अगस्त यानी आज से लागू होंगे। आदेश में कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय प्रोडक्ट्स पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त 2025 की रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है। ट्रंप के इरादों से साफ है कि वो भारत के खिलाफ सनक पाले हुए हैं। इसका सीधा असर यह होगा कि टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो, सी फूड इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। इससे 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा। हालांकि आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्री पर नहीं होगा। अभी इलेक्ट्रॉनिक्स को सेक्शन 232 के तहत छूट मिली है। जब तक इसकी घोषणा नहीं होती, तब तक अमेरिका को निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, फार्मा पर मौजूदा टैरिफ जीरो फीसदी है, लेकिन ट्रम्प ने 18 महीने में 150 प्रतिशत और बाद में 250 फीसदी टैरिफ की धमकी दी है। जब तक ये लागू नहीं होता, तब तक छूट मिलती रहेगी। ऐसा लंबे समय तक होता नजर नहीं आ रहा। जिस तरह से ट्रंप प्रशासन फैसले ले रहा है, उससे तो साफ है कि वे किसी भी समय कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम इसके लिए तैयार रहें। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की तरफ भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने संबंधी नोटिफिकेशन के दो दिन पहले ही अपना रुख साफ कर दिया था। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हितों से समझौता नहीं कर सकती। हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन कर लेंगे। इशारा साफ है कि भारत अमेरिका के आगे झुकने वाला नहीं है। अब प्रश्न उठता है कि विकल्प क्या है। सबसे पहले तो सरकार को अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए यूरोप, रूस या अन्य देशों में व्यापार बढ़ाना होगा। इसके तहत भारत अब चीन, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के बाजारों पर फोकस करेगा। आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड के साथ भारत ट्रेड डील कर चुका है। ये एक अक्टूबर से लागू होगी। ब्रिटेन के साथ डील अगले साल अप्रैल से लागू हो सकती है। ओमान, चिली, पेरू, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ से बातचीत जारी है। भारत सीफूड के लिए रूस, यूके, यूरोपीय यूनियन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया पर फोकस कर रहा है। वहीं, हीरे और आभूषण के लिए वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया और अफ्रीका जैसे बाजारों की ओर रुख कर रहा है। सरकार इसके लिए अपनी तरफ से प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में एक खास बात और भी कही है जो आपदा में अवसर होगी। स्वदेशी अपनाओ, इसी मंत्र से हम ट्रंप के टैरिफ को काट सकते हैं। टैरिफ का सबसे ज्यादा असर नौकरियों पर होगा। अगर हम स्वदेशी अपनाते हैं तो जितनी नौकरियां प्रभावित होंगी, उससे कहीं ज्यादा हम अपनी खपत बढ़ाकर रोजगार सजृन कर सकते हैं। अगर त्योहारों के सीजन में ही संकल्प कर लें कि केवल स्वदेशी सामान की खरीद करेंगे तो ट्रंप के इस टैरिफ का हम पर कोई खास असर नहीं होने वाला। जरूरी यही है कि हम हमेशा के लिए देश के लिए खड़े हों और स्वदेशी को अपनाएं।



संघ शताब्दी वर्ष
अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी दिल्ली में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही, भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

# मोहन भागवत की अगुवाई में महामंथन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष इस बार विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर 2025 से आरंभ हो रहा है। पूरे 1 वर्ष तक संघ ने अपने विस्तार और सामाजिक आंदोलन की दृष्टि से अत्यंत सघन कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। इन्हीं में से एक कार्यक्रम सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का देश के चार प्रमुख शहरों राजधानी दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और बेंगलुरु में सक्रिय नागरिकों के साथ संवाद है। यह कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति भवन में 26, 27 और 28 अगस्त को होगा। कोई संगठन अपने शीर्ष नेता का कुछ घंटे का एक दिन का संबोधन या प्रश्नोत्तर या फिर पत्रकार वार्ता का कार्यक्रम रख रहा है। आम सोच यही होगी कि डॉ. भागवत संघ पर लगने वाले आरोपों पर विस्तार से बात रखेंगे तथा अपनी उपलब्धियों का बखान करेंगे। अभी तक संघ के कारण प्रणाली में ऐसा कभी नजर नहीं आया कि संघ का चरित्र अन्य संगठनों की तरह लगने वाले आरोपों का त्वरित या किसी स्तर पर पत्रकार वार्ता आदि बुलाकर खंडन करना और आत्म प्रचार का हो। जब यह अभी तक संघ की कार्यप्रणाली में रहा ही नहीं तो शताब्दी वर्ष पर सरसंघचालक का राजधानी दिल्ली के इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उपयोग वे इसमें करेंगे, ऐसी कल्पना निरर्थक है। तो फिर? स्वाभाविक ही तीन दिनों तक लगातार लोगों के सामने संघ की 100 वर्ष की यात्रा, वर्तमान भारत एवं विश्व की स्थिति , उत्पन्न प्रश्न एवं चुनौतियां, उन पर संघ का मत एवं उपस्थित समूह के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर आदि शामिल होंगे। हां उपस्थित श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में शेष बातें आएंगी।

राजधानी दिल्ली के इस कार्यक्रम की ओर निश्चित रूप से संघ के स्वयंसेवकों व समर्थकों के अलावा देश भर के विरोधियों की भी दृष्टि होगी। शताब्दी वर्ष की दृष्टि से संघ का संगठन के बाहर देश के समक्ष शीर्षतम नेतृत्व द्वारा अपनी बात रखने का यह पहला कार्यक्रम होगा। निश्चित रूप से इसकी तैयारी भी उसी अनुसार दिखाई दी है। संघ के विरोधी भी यह मानते हैं कि उनका कार्यक्रम सुव्यवस्थित, सुलक्षित होता है। निष्पक्ष दृष्टि रखने वाले मानेंगे कि डॉ. भागवत का यह कार्यक्रम ऐसा होगा कि दूसरे संगठन भी इससे अपने महत्वपूर्ण अवसरों का उपयोग करने का तौर-तरीका सीखकर आगे अपनाते हुए दिख सकते हैं। सच कहा जाए तो यह देश के समक्ष केवल संघ को अपनी बात रखने का एक महत्वपूर्ण और बड़ा अवसर नहीं है, देश के लिए भी संघ को जानने समझने का अब तक का सबसे प्रामाणिक आयोजन है। हालांकि 2018 में भी मोहन भागवत ने इसी भवन में संवाद किया था और उसका भी असर हुआ। शताब्दी वर्ष की तैयारी को देखते हुए यह अभी तक का संघ की दृष्टि से सबसे अलग होगा। पिछले 23 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित प्रतिनिधि सभा के समापन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय दत्तात्रेय होसबोले ने कहा था कि संघ शताब्दी वर्ष का उत्सव नहीं मनाएगा बल्कि इसकी जगह हमने इस वर्ष के लिए तीन बिंदु सुनिश्चित किए हैं। एक, आत्मचिंतन करना, दो, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा तीन, राष्ट्र के लिए तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में हम अधिक सावधानी,



गुणवत्ता तथा व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेते हैं। स्वाभाविक ही जीवंत सक्रिय संगठन 100 वर्ष की अपनी यात्रा पर आत्मचिंतन करेगा। आत्मचिंतन व्यापक आयाम वाला विषय है। आत्मचिंतन यानि हम जिन उद्देश्यों के लिए जिन परिस्थितियों में जिस तरह उत्पन्न हुए अभी तक अपने लक्ष्यों की दृष्टि से जो कुछ किया क्या वह संतोषजनक है, कुछ कमियां है तो उन्हें कैसे दूर करेंगे, वर्तमान काल और परिस्थिति में हमें और क्या करना है आदि आदि। पिछले दिनों एक साक्षात्कार में मोहन भागवत ने कहा था कि 'डॉक्टर साहब, श्री गुरूजी या बाळासाहब के विचार सनातन परम्परा या संस्कृति से अलग नहीं हैं। प्रगाढ़ चिंतन व कार्यकर्ताओं के प्रत्यक्ष प्रयोगों के अनुभव से संघ की पद्धति पक्की हुई और चल रही है। पहले से ही उसमें पोथी निष्ठा, व्यक्ति निष्ठा व अंधानुकरण की कोई जगह नहीं है। हम तत्वप्रधान हैं। महापुरुषों के गुणों का, उनकी बताई दिशा का अनुसरण करना है, परन्तु हर देश-काल-परिस्थिति में अपना मार्ग स्वयं बनाकर चलना है। इसलिए नित्यानित्य विवेक होना चाहिए। सरसंघचालक का वक्तव्य संघ के लिए दिशाबोधक है। अगर वे पूर्व सरसंघचालक को उद्धृत करते हुए कहते हैं कि मूल विचार को छोड़कर सब कुछ बदला जा सकता है तो इसे ही स्वीकार किया जाना चाहिए। पिछले 21 मार्च को अरुण कुमार ने पत्रकार वार्ता में कहा कि संघ एक संगठन नहीं बल्कि समाज परिवर्तन का बड़ा आंदोलन है। शताब्दी वर्ष में इसी को केंद्र में रखकर कार्यक्रम तय किए गए होंगे। जैसा पिछले काफी समय से पत्रकार वार्ताओं में संघ की ओर से बताया जा रहा है कि आगामी समय में सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर अपने कार्य को अधिक केन्द्रित करेगा । इन पांच आयामों में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण, नागरिक कर्तव्य सम्मिलित हैं। इस विषय में श्री होसबाले ने कहा था कि समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना तथा समरसता के लिए निरंतर प्रयास करना इस कार्ययोजना का लक्ष्य है। अस्पृश्यता समाज के लिए पाप और कलंक है तथा संघ इसे मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। सात जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित प्रांत प्रचारक बैठक में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेडकर के वक्तव्य की कुछ पंक्तियां इन्हें ज्यादा स्पष्ट करतीं हैं ' शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों का उद्देश्य व्यापक आउटरीच है, भौगोलिक, सामाजिक दृष्टि से समाज के सभी लोगों तक जाना और सभी कार्यों में उनकी सहभागिता हो। यह अभियान एक तरह से सर्वसमावेशी, सर्वस्पर्शी होगा। देश आगे बढ़ रहा है, आर्थिक व तकनीकी प्रगति कर रहा है। केवल आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ना पर्याप्त नहीं है। हमारे समाज की विशेषताएं, राष्ट्र के अपने विशेष गुणों के साथ ही समाज के सभी लोगों की चिंता करना, पर्यावरण की चिंता करना, परिवार में जीवन मूल्यों की रक्षा करना, सामाजिक जीवन में आपसी सद्भाव बना रहे, पंच परिवर्तन के इन विषयों शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में ले जाएंगे। शताब्दी वर्ष के सारे कार्यक्रम इन्हीं उद्देश्यों पर केंद्रित हैं इसलिए मोहन भागवत भी निश्चित रूप से इन बातों पर प्रबुद्ध समूह के बीच विस्तार से अपना मत रखेंगे। यह मानने में किसी को हिचक नहीं होगी कि सरसंघचालक मोहन भागवत का राजधानी में शताब्दी वर्ष का यह पहला कार्यक्रम अब तक के किसी भी संगठन के कार्यक्रमों से अलग ऐसे विषय, सोच और दिशा लिए हुए होगा जो लंबे समय तक चर्चा में तो रहेगा ही भविष्य में संघ पर बात करने की दृष्टि से उद्धरण की भी भूमिका निभाएगा। साथ ही यह पूरे शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की वैचारिक और क्रियात्मक आधारभूमि का पूर्वावलोकन भी होगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## गणेश चतुर्थी
बाल मुकुन्द ओझा



# पंच देवताओं में अग्रगण्य हैं भगवान गणेशजी

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार हमारे देश में बड़े ही धूमधाम और पूजा पाठ से मनाया जाता है। प्रत्येक घर और व्यापारिक संस्थान में तब तक कोई शुभ काम पूरा नहीं माना जाता, जब तक वहां भगवान गणेश की पूजा न हो। इसके पीछे मान्यता है कि किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत इस दिन करने से फल अच्छा मिलता है। इस दिन गणेश जी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और संपन्नता आती है। कई लोग व्रत रखते हैं। व्रत रखने से भगवान गणेश खुश होते हैं और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

यह दिन भगवान गणेश की पूजा, आदर और सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के रूप में जाना जाता है। देश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहारों में गणेश चतुर्थी एक है। गणेश चतुर्थी का त्योहार हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होकर 10 दिन बाद अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के मूर्ति विसर्जन के बाद समाप्त होता है। अंग्रेजी तिथि के हिसाब से गणेश उत्सव इस साल 27 अगस्त, बुधवार से शुरू होकर विसर्जन 6 सितंबर को होगा। पंचांग के अनुसार इस साल भगवान श्री गणेश की मध्यान्ह पूजा का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त 2027, बुधवार के दिन रहेगा। इस दिन गणेश भक्त सुबह 11 बजकर 5 मिनट से लेकर दोपहर एक बजकर 40 मिनट के बीच श्री गणेश जी की पूजा कर सकेंगे। इस प्रकार गणपति के भक्तों को उनकी पूजा करने के लिए लगभग ढाई घंटे मिलेंगे। भारतीय जनजीवन में गणेशजी का अद्विितीय स्थान है। पंच देवताओं में वे अग्रगण्य हैं। प्रत्येक उत्सव, समारोह अथवा अनुष्ठान का आरंभ उन्हीं की पूजा-अर्चना से होता है। वे विद्या और बुद्धि के देवता हैं। इसके साथ ही वे विघ्न-विनाशक भी हैं। भगवान गणेश का अवतार ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के रूप में हुआ है। इस कारण हमारे देश में किसी भी अच्छे काम की शुरुआत से पहले भगवान गणेश का आह्वान एक आम बात है। साथ ही इस त्योहार से हम अपने जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भाव ला सकते है। पंचदेवों में से एक भगवान गणेश सर्वदा ही अग्रपूजा के अधिकारी हैं और उनके पूजन से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। श्रीगणेश के स्वतंत्र मंदिर कम ही जगहों पर देखने को मिलते हैं परंतु सभी मंदिरों, घरों, दुकानों आदि में भगवान गणेश विराजमान रहते हैं।



इन जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा, चित्रपट या अन्य कोई प्रतीक अवश्य रखा मिलेगा, लेकिन कई स्थानों पर भगवान गणेश की स्वतंत्र मंदिर भी स्थापित है और उसकी महता भी अधिक बतायी जाती है। भारत ही नहीं, भारत के बाहर भी भगवान गणेश हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार मां पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपनी मैल से एक सुंदर बालक को उत्पन्न किया और उसका नाम गणेश रखा। फिर उसे अपना द्वारपाल बनाकर दरवाजे पर पहरा देने का आदेश देकर स्नान करने चली गई। थोड़ी देर बाद भगवान शिव आए और द्वार के अन्दर प्रवेश करना चाहा तो गणेश ने उन्हें अन्दर जाने से रोक दिया। इस पर भगवान शिव क्रोधित हो गए और अपने त्रिशूल से गणेश के सिर को काट दिया और द्वार के अन्दर चले गए। जब मां पार्वती ने पुत्र गणेश जी का कटा हुआ सिर देखा तो अत्यंत क्रोधित हो गई। तब ब्रह्मा, विष्णु सहित सभी देवताओं ने उनकी स्तुति कर उनको शांत किया और भोलेनाथ से बालक गणेश को जिंदा करने का अनुरोध किया। उनके अनुरोध को स्वीकारते हुए एक गज के कटे हुए मस्तक को श्री गणेश के धड़ से जोड़ कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। पार्वती जी हर्षातिरेक होकर पुत्र गणेश को हृदय से लगा लेती हैं तथा उन्हें सभी देवताओं में अग्रणी होने का आशीर्वाद देती हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्रपूज्य होने का वरदान देते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
**दर्शन**

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह कांटों में मुस्कराता है। *-कांतिलाल मांडोत*

# मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित
**प्रेरणा**

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडों को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत, रूस और चीन भाई-भाई

वर्तमान में एशिया के लिए इसी प्रकार का एक और भ्रातृत्व अनिवार्य है यथा पश्चिमी देश अमेरिका की रहनुमाई में रह कर पूरी दुनिया के स्रोतों का दोहन कर रहे हैं और एक-एक करके सर्वत्र फूट डाल कर विवाद खड़े करते हैं और अपना उल्लू सीधा करते हैं। अमेरिका अब तक संसार में कई युद्ध करवा चुका है और भारत-चीन और रूस का कभी हित नहीं किया। अब अचानक फिर तराजू बंदर के हाथ आ गया है और अब वह भारी भरकम टैरिफ का डंडा भारत, रूस और चीन पर बरसा रहा है। वह चाहता है कि भारत रूस से क्रूड ऑयल न खरीदे। भारत अपने हित-अहित जानता है और उक्त तीनों देश ट्रंप की हेकड़ी जरूर समाप्त करेंगे, आने वाले समय की यही पुकार है।

*- सुरेश यादव, धमतरी*

## करंट अफेयर

# द. अफ्रीका में सिखों के शांति पहल में धार्मिक नेता



सिख समुदाय द्वारा अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने और पूरे अफ्रीकी महाद्वीप में शांति स्थापना के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में 300 से अधिक धार्मिक और सामुदायिक नेता एकत्र हुए। यह भव्य कार्यक्रम रविवार शाम सैंडटन में आयोजित किया गया जिसका विषय था 'विश्वासों को जोड़ना: अफ्रीका में अंतरधार्मिक सद्भाव के माध्यम से शांति को बढ़ावा देना'। आयोजकों ने कहा कि अपनी तरह का यह पहला आयोजन पूरे महाद्वीप में शांति और सहयोगात्मक आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने की दिशा में आधारशिला बनने की महत्वकांक्षा रखता है। गुरुद्वारा साहिब जोहानिसबर्ग, सिख काउंसिल ऑफ अफ्रीका, हेवनली कल्चर वर्ल्ड पीस रेस्टोरेशन ऑफ लाइट (एचडब्ल्यूपीएल) और गुरु नानक निष्काम सेवक जत्था द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में ईसाई, मुस्लिम, हिंदू, सिख और अफ्रीकी पारंपरिक धर्म के नेता एक साथ आए। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन एवं पारंपरिक मामलों के उप मंत्री डॉ. नामाने डिक्सन मासेमोला ने कहा कि 1996 में अपनाया गया दक्षिण अफ्रीका का संविधान सभी धर्मों और आस्थाओं को मान्यता देता है। मासेमोला ने कहा- धार्मिक नेता शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## ऑफ बीट

# आत्महत्या के सटीक जवाब देने में कारगर नहीं एआई चैटबॉट

एक अध्ययन तीन लोकप्रिय कृत्रिम मेधा चैटबॉट्स पर यह जानने के लिए किया गया कि वे आत्महत्या से जुड़े सवालों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। इसमें



पाया गया कि वे आमतौर पर ऐसे सवालों का जवाब देने से बचते हैं जो उपयोगकर्ता के लिए सबसे ज़्यादा जोखिम वाले होते हैं, जैसे कि आत्महत्या करने के तरीकों से जुड़ी विशिष्ट जानकारी। हालांकि कम गंभीर लेकिन नकुसान पहुंचाने वाले सवालों पर ये जवाब देने में उतने कारगर नहीं है। ओपनएआई के चैटजीपीटी, गूगल के जेमिनी और एंथ्रोपिक के क्लाउड में 'और अधिक सुधार' की जरूरत बताई गई है। आरएएनडी कॉर्पोरेशन ने यह अध्ययन किया है और इसका (अध्ययन का) वित्तपोषण अमेरिका के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान ने किया है। अनुसंधान में चिंता व्यक्त की गई है कि बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए एआई चैटबॉट पर निर्भर हैं। अध्ययन में इस बात के लिए मानक स्थापित करने का प्रयास किया गया है कि कंपनियां इन प्रश्नों का उत्तर कैसे दें। अनुसंधान पत्र के प्रमुख लेखक तथा आरएएनडी के वरिष्ठ नीति अनुसंधानकर्ता रयान मैकबेन ने कहा, हमें कुछ सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

## ट्रेंड

### वंदे भारत एक्सप्रेस



मराठवाड़ा के विकास को गति देने के लिए, हम गतिशील परिवहन समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आज, 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ने नांदेड़ को मुंबई के और करीब ला दिया है, जिससे इस क्षेत्र के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुल गए हैं।
-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

### नक्सलवाद



नक्सलवाद ही कांग्रेस का 'संविधान' है। वामपंथी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाकर उसने इस पर मुहर लगा दी है। लेकिन यह समझ लें कि अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलियों को साफ करने का बीड़ा उठा लिया है।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### एजेंसीज का दुरुपयोग




सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड मोदी सरकार द्वारा एजेंसीज के दुरुपयोग का एक और मामला है। जिस तरह "आप" को टारगेट किया जा रहा है, ऐसे इतिहास में किसी पार्टी को नहीं किया गया। मोदी सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### वैकल्पिक संभावनाएं



उद्योग जगत के नेता/सीईओ एआई के कारण 'नौकरियों के नुकसान' का शोर मचा रहे हैं। उन्हें यह एहसास नहीं है कि उनकी 'नौकरियाँ' या पद ज़्यादा खतरे में हैं। क्योंकि अब कर्मचारियों को वैकल्पिक संभावनाएं तलाशने का मौका मिल गया है।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



राजनाथ सिंह ने कहा कि इन युद्धपोतों में कई उन्नत क्षमताएं हैं। इनमें लंबी दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलें, स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर, टारपीडो लॉन्चर, युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे

## समंदर के नए शूरवीर, आईएनएस उदयगिरि और हिमगिरि नौसेना में शामिल

# रक्षा मंत्री बोले- आत्मनिर्भर भारत का सपना हुआ साकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ विशाखापत्तनम/नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की ताकत लगातार बढ़ रही है। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने समंदर के नए शूरवीर आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को नौसेना में शामिल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से स्पष्ट है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हुआ है। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। भारतीय नौसेना न केवल तटीय क्षेत्रों की रक्षा करती है, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और समृद्धि भी बनाए रखती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि का जलावतरण हमारी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। मैं इस अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई देता हूं। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस हिमगिरि और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आईएनएस उदयगिरि दोनों आधुनिक युद्धपोत हैं जिनका निर्माण लगभग 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ रक्षा निर्माण में सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं।

### *युद्धपोतों का निर्माण 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ किया गया*

### *हिंद महासागर में समुद्री हितों की रक्षा में और मजबूत हुआ भारत*



### आईएनएस तमाल अंतिम विदेशी ऑर्डर

*रक्षा मंत्री ने कहा कि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना के लिए अंतिम विदेशी ऑर्डर था। हमने निर्णय लिया है कि भारतीय नौसेना के लिए भविष्य में कोई भी जहाज विदेश में नहीं बनाया जाएगा। हम अपने जहाज भारत में ही बनाएंगे। यह रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत ही निर्णायक कदम है। इन युद्धपोतों के जलावतरण के साथ भारतीय नौसेना ने एक शताब्दी पूरी कर ली है।*

### दोनों युद्धपोत में कई उन्नत क्षमताएं

दोनों पोज का वजन लगभग 6,700 टन, सी किंग हेलिकॉप्टर ले जाने में सक्षम, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से लैस, जो समुद्र और जमीन दोनों लक्ष्यों पर 290+ किमी की दूरी से हमला करने में सक्षम हैं। अंतिम चरण में आने वाली मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की क्षमता के लिए 76 मिमी एमआर गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन सिस्टम, टारपीडो लॉन्चर, सोनार सिस्टम से लैस है, गहरे पानी में पनडुब्बी का पता लगाने में भी सक्षम है। डीजल इंजन और गैस टर्बाइनों से संचालित हैं। युद्ध प्रबंधन प्रणाली और अग्नि नियंत्रण प्रणाली लगाई जा सकती हैं। ये दोनों युद्धपोत समुद्र में खतरनाक अभियानों में गेम-चेंजर साबित होंगे।

### नीलगिरि क्लास में 7 युद्धपोत तैयार होंगे

*भारत में नीलगिरि-क्लास की स्टेल्थ फ्रिगेट्स को कोड के तौर पर प्रोजेक्ट 17-एल्फा (प्रोजेक्ट-17ए) का नाम भी दिया गया है। यह नौसेना के प्रोजेक्ट-17 फ्रिगेट यानी शिवालिक क्लास के अगले चरण के तौर पर देखा जाता है। शिवालिक क्लास के युद्धपोत अभी भी नौसेना में सक्रिया भूमिका में हैं। प्रोजेक्ट 17ए के तहत कुल सात युद्धपोत का निर्माण होना है और आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि उसका ही हिस्सा हैं। इस साल जनवरी में आईएनएस नीलगिरि नाम के युद्धपोत को नौसेना में शामिल किया गया। नीलगिरि श्रेणी के युद्धपोत प्रोजेक्ट के तहत सात में से चार पोत- नीलगिरि, उदयगिरि, तारागिरी और महेंद्रगिरी का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड की ओर से किया जाना तय हुआ।*

## जर्मनी के अखबार 'एफएजेड' की रिपोर्ट में दावा

# राष्ट्रपति ट्रंप ने चार बार किया फोन लेकिन पीएम मोदी ने एक बार भी नहीं उठाया

- आज से भारत पर पूरी तरह से लागू हो रहे 50 फीसदी टैरिफ के बीच भारत का अमेरिका को सख्त संदेश, किसी भी सूरत में नहीं झुकेंगे।
- भारत या अमेरिका की तरफ से अभी तक इस मामले पर नहीं दी गई है कोई प्रतिक्रिया।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की तरफ से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के आज (बुधवार) से पूरी तरह से लागू होने से ठीक पहले एक बड़ी ही महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। जिसमें जर्मनी के समाचारपत्र 'फ्रैंकफ़र्टर ऑलगेमाइन ज़िटुंग (एफएजेड)' ने अपनी एक रिपोर्ट में ये दावा किया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के जवाब में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी दृढ़ता के साथ खड़े हैं और उन्होंने अमेरिका के सामने झुकने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है। इन सबके बीच ट्रंप ने बीते सप्ताह में कुल करीब चार बार पीएम मोदी को फोन कर उनसे बात करने की कोशिश की थी। लेकिन मोदी ने एक बार भी ट्रंप का फोन नहीं उठाया। जिससे दोनों के बीच तनाव बढ़ गया। हालांकि एफएजेड ने अपनी रिपोर्ट में ये नहीं बताया है कि कब यानी किस तारीख या समय पर अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को यह फोन कॉल की थीं। जर्मनी के समाचारपत्र की रिपोर्ट की हेडलाइन हालांकि बेहद आकर्षक है। जिसमें लिखा है 'ट्रंप कॉल करते हैं लेकिन मोदी जवाब नहीं देते (ट्रंप कॉल्स बट मोदी डज नॉट आंसर)'। इस मामले को लेकर हालांकि अभी तक भारत या अमेरिका की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। यहां बता दें कि ट्रंप ने अपने एक कार्यकारी आदेश के जरिए भारत पर यह 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें से 25 फीसदी 7 अगस्त से ही लागू हो चुका है और बाकी बचा हुआ 25 फीसदी 27 अगस्त से लागू हो जाएगा।

### पीएम पहले ही दिखा चुके भारत के तेवर



गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों गुजरात के अहमदाबाद में टैरिफ को लेकर अमेरिका का नाम लिए बगैर उस पर निशाना साधते हुए कहा था कि आज दुनिया में आर्थिक स्वार्थ वाली राजनीति है। हर कोई अपना करने में लगा हुआ है। जिसे हम भली भांति देख रहे हैं। लेकिन भारत की सरकार अपने किसानों और पशुपालकों का कभी भी बुरा नहीं होने देगी। फिर चाहे दबाव कितना ही क्यों न आए? हम अपनी ताकत बढ़ाते जाएंगे। इसी क्रम में भारत ने हाल ही में एक आधिकारिक बयान जारी कर अमेरिका जाने वाली डाक सेवाओं पर भी अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है। वहीं, प्रधानमंत्री से पहले विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अमेरिका के टैरिफ के फैसले को पूरी तरह से गलत और अविवेकपूर्ण बता चुके हैं। उनका भी यह कहना है कि भारत की रूस से सस्ते दामों पर जारी कच्चे तेल की खरीद देश की आम-जनता की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए की जा रही है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। जहां तक बात भारत की रूस से व्यापार को लेकर है। तो खुद अमेरिका ही नहीं यूरोप भी रूस से व्यापार कर रहा है।

### एशिया में भारत के बिना नहीं चलेगा काम

जर्मनी के समाचारपत्र ने यह भी कहा कि भारत का अमेरिका के समक्ष बना हुआ यह सशक्त अंदाज कहीं न कहीं उसकी दक्षिण एशिया में मजबूत होती राजनीतिक स्थिति का भी साक्षात प्रमाण प्रस्तुत करता है। भारत या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बात से भली भांति परिचित हैं कि एशिया में चीन से दो-दो हाथ करने में अमेरिका को भारत की बहुत आवश्यकता है। जिसकी वजह से वो टैरिफ या व्यापार के मामले में अमेरिकी शर्तों व दबाव के सामने झुकने के लिए मजबूर नहीं दिखाई पड़ता है। जो कि इस तथ्य को भी स्पष्ट कर देता है कि भारत अब विकसित देशों के दबाव के सामने झुकने की अपनी पुरानी रिवायत को तोड़कर आगे निकल चुका है।

### जारी हुआ अमेरिका का ड्राफ्ट नोटिस

उधर, अमेरिका ने रूस से तेल खरीद पर भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ के क्रियान्वयन की योजना को लेकर एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर दिया है। जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने बीते सोमवार को इस नोटिस आदेश को आधिकारिक रूप से प्रकाशित किया है। जिसके मुताबिक, यह बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय उत्पादों या सामान पर लगेगा। जो अमेरिका में 27 अगस्त 2025 को ईस्टर्न डेलाइट टाइम (ईडीटी) के हिसाब से रात 12 बजकर 1 मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए देश में लाए गए या गोदाम से निकाले गए हैं।

### नए शुल्क को लेकर तनाव के बीच भारत, अमेरिका ने 'टू प्लस टू' अंतरसत्रीय वार्ता की

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने असैन्य परमाणु सहयोग को मजबूत करने सहित व्यापार और निवेश, महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की है। 'टू प्लस टू' अंतरसत्रीय वार्ता के ढांचे के तहत सोमवार को डिजिटल तरीके से हुई वार्ता व्यापार और शुल्क पर ट्रंप प्रशासन की नीतियों को लेकर दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव की पृष्ठभूमि में हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, जिसमें भारत-अमेरिका प्रमुख रक्षा साझेदारी के लिए एक नए 10-वर्षीय ढांचे पर हस्ताक्षर करना, साथ ही रक्षा औद्योगिक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग को आगे बढ़ाना शामिल है।

# संघ हिन्दुस्तान में रहने वाले सभी लोगों के लिए करता है काम : भागवत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



- आरएसएस प्रमुख बोले, दुनिया करीब आ गई है, इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर सोचना होगा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि आरएसएस के बारे में लोगों के बीच एक सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि बहुत सारे लोग समझते हैं कि संघ केवल हिंदुओं के लिए कार्य करता है। संघ प्रमुख ने यह स्पष्ट करने की कोशिश की कि संघ हिंदू राष्ट्र के लिए काम करता है, लेकिन इस हिंदू राष्ट्र का अर्थ केवल हिंदुओं से नहीं है। बल्कि यह हिंदुस्तान में रहने वाले सभी लोगों के लिए है। कुछ लोग इसे हिंदू कहते हैं, लेकिन कुछ लोग हिंदू की बजाय स्वयं को हिंदवी या भारतीय कहलाना पसंद करते हैं। उन्हें हिंदू शब्द से आपत्ति हो सकती है। लेकिन भारतीय कहने में भी वही राष्ट्रीयता झलकती है जो हिंदू होने में है। संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में अपना पहले दिन का संबोधन दिया। आरएसएस का सार हमारी प्रार्थना की अंतिम पंक्ति में निहित है, जिसे हम प्रतिदिन दोहराते हैं, 'भारत माता की जय'।

### भातर को नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना चाहिए

यह हमारा देश है और हमें इसकी प्रशंसा करनी चाहिए और इसे दुनिया में नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया करीब आ गई है, और इसलिए हमें वैश्विक स्तर पर सोचना होगा। मोहन भागवत ने बताया कि आरएसएस की उपलब्धियों को लेकर आज लोग चर्चा करते हैं, लेकिन कभी संघ के स्वयंसेवक भी इस सफलता की कल्पना नहीं करते थे।

### 4 किलो हाइब्रिड गांजा बरामद, एक गिरफ्तार



**कोच्चि।** कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को त्रिशूर के एक व्यक्ति के पास से 4 किलो से अधिक हाइब्रिड गांजा बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। यह व्यक्ति (27) बैंकॉक से यहां पहुंचा था। उसके बैग से हाइब्रिड गांजे के चार पैकेट मिले। इन्हें सीलबंद पैकेटों में भरा गया था ताकि गंध बाहर तक न आए। उन्होंने कहा कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और मादक पदार्थ तस्करी में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

### ईरान और यूरोपीय देशों के बीच अंतिम दौर की परमाणु वार्ता शुरू



**वियना।** ई3 देश कहलाने वाले ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को जिनेवा में ईरानी अधिकारियों के साथ अंतिम समय में परमाणु वार्ता की। यह बैठक उस समय हुई जब यूरोपीय देशों द्वारा ईरान पर प्रतिबंध फिर से लागू करने की समयसीमा तेज़ी से नजदीक आ रही है। यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 'स्नैपबैक' प्रावधान के तहत की जा सकती है। इससे पहले 25 जुलाई को इस्तांबुल में यूरोपीय और ईरानी प्रतिनिधियों के बीच एक दौर की बातचीत हो चुकी है।

# 'सुदर्शन चक्र' परियोजना में तीनों सेनाओं का व्यापक समन्वय आवश्यक: सीडीएस चौहान

भाषा ▶▶ महू (मध्य प्रदेश)

- एक मजबूत बुनियादी ढांचे का विकास करना होगा

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि 'सुदर्शन चक्र' वायु रक्षा प्रणाली के लिए एक मजबूत बुनियादी ढांचे का विकास करना होगा, जिसमें मिसाइलों और निगरानी प्रणालियों जैसी प्रमुख त्रि-सेवा सैन्य परिसंपत्तियों की एक श्रृंखला शामिल होगी ताकि एक अभेद्य सामरिक कवच बनाया जा सके। जनरल चौहान ने यहां 'आर्मी वॉर कॉलेज' में आयोजित 'रण संवाद' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस परियोजना के लिए ''राष्ट्र-स्तरीय समग्र दृष्टिकोण'' अपनाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने संकेत दिया कि यह प्रणाली इजराइल की हर मौसम में काम करने वाली उस वायु रक्षा प्रणाली 'आयरन डोम' की तर्ज पर होगी जिसे एक प्रभावी मिसाइल शील्ड या मिसाइल रोधक के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर इस स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली को विकसित किए जाने की परियोजना की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य भारत के महत्वपूर्ण सैन्य एवं असैन्य प्रतिष्ठानों की रक्षा करना और दुश्मन की किसी भी धमकी का निर्णायक जवाब देना है। यह घोषणा पाकिस्तान और चीन से उत्पन्न हो रही सुरक्षा चुनौतियों की पृष्ठभूमि में की गई थी। सीडीएस चौहान ने कहा कि इस परियोजना के तहत सेना को जमीन, वायु, समुद्री, पनडुब्बी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में खुफिया, निगरानी और टोही (आईएसआर) तंत्र को एकीकृत करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, ''तीनों सेनाओं द्वारा विभिन्न प्रणालियों को एकीकृत करने में अत्यधिक प्रयासों की आवश्यकता होगी। इस परियोजना में व्यापक एकीकरण के साथ-साथ और कई क्षेत्रों को नेटवर्क से जोड़ना होगा ताकि सटीक स्थिति का आकलन संभव हो सके।'

## ट्रंप की धमकियों का जवाब देगी तिकड़ी

# पुतिन और मोदी संग एकजुट होंगे चीनी राष्ट्रपति चिनफिंग

एजेंसी ▶▶ बीजिंग



ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई देशों के नेताओं को शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में आमंत्रित कर बड़ा संदेश दिया है। यह सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक तियानजिन, चीन में आयोजित होगा। यह आयोजन अमेरिका को उभरते नए विश्व व्यवस्था का आईना दिखाने की रणनीति का हिस्सा है। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिका और ब्रिक्स देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। चीन इस आयोजन को यह दिखाने के लिए उपयोग करेगा कि अमेरिका, रूस, ईरान और अब भारत को अलग-थलग करने के उसके प्रयास विफल रहे हैं।




## वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) कार्यशाला का गृह मंत्री ने किया उद्घाटन

# शाह ने किया ऐलान : सीमावर्ती गांवों को बनाएंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 'वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम' (वीवीपी) कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम का लोगो भी लॉन्च किया। इस वर्कशॉप का आयोजन गृह मंत्रालय के बॉर्डर मैनेजमेंट डिवीजन की ओर से किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, गृह सचिव, आईबी निदेशक, बॉर्डर प्रबंधन सचिव, सीमा राज्यों के मुख्य सचिव, सीमा सुरक्षा बलों के महानिदेशक और संबंधित जिलों के कलेक्टर शामिल हुए। अमित शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम तीन मुख्य बिंदुओं पर आधारित है- सीमावर्ती गांवों से प्रवास रोकना और हर नागरिक तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का 100% लाभ पहुंचाना तथा इन गांवों को राष्ट्रीय और सीमा सुरक्षा का मजबूत साधन बनाना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब देश के अंतिम गांव को पहला गांव घोषित किया, तो दृष्टिकोण बदल गया। अब लक्ष्य यह है कि हर सीमावर्ती गांव में बुनियादी सुविधाएं और रोजगार उपलब्ध हों ताकि लोग गांव छोड़कर न जाएं।

### रोजगार और पर्यटन से गांव होंगे आत्मनिर्भर




गृहमंत्री शाह ने कहा कि वीवीपी के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर, संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देकर रोजगार सृजित किया जा रहा है। जिला कलेक्टरों को गांवों में डेयरी सहकारी समितियां बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि कैम्प्स और सेना को दूध की आपूर्ति सीधे गांवों से हो। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में आईटीबीपी द्वारा दूध, अंडा, सब्जियां और अनाज की स्थानीय खरीद का सफल प्रयोग किया गया है। इसे अब हर सीमावर्ती गांव में लागू किया जाएगा। बोले- होमस्टे जैसी योजनाओं को बढ़ाकर पर्यटन को रोजगार का साधन बनाया जाए। यदि सरकार उचित बुकिंग सिस्टम विकसित करे, तो सीमावर्ती गांवों का कोई भी घर खाली नहीं रहेगा।

### गांवों में पूरी सुविधाएं होंगी

गृहमंत्री ने कहा कि टेलीकॉम, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं हर सीमावर्ती गांव में उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वीवीपी सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बने। उन्होंने मनरेगा के तहत तालाब निर्माण, गहन वनीकरण और स्थायी ढांचों के विकास जैसे कार्यों पर जोर दिया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25